संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर
www.santalexpress.com पर पढ़ें

30 अक्टूबर 2025, गुरुवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 08, अंक - 038

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस

### सुप्रीम कोर्ट ने वांगचुक की नजरबंदी पर केंद्र और लद्दाख से मांगा जवाब

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने पर्यावरणविद और शिक्षा सुधारक सोनम वांगचुक की नजरबंदी को चुनौती देने वाली याचिका पर केंद्र सरकार और लद्दाख प्रशासन से जवाब मांगा है। यह याचिका वांगचुक की पत्नी द्वारा दायर की गई थी, जिसमें उनके खिलाफ की गई कार्रवाई को मनमाना और असंवैधानिक बताया गया है। शीर्ष अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 24 नवंबर को तय की है।

## संक्षिप्त खबरें

### मालगाड़ी के 10 डिब्बे पटरी से उतरे

सिमडेगा(ईएमएस)।सिमडेगा जिले के बानो प्रखंड में हटिया राउरकेला रेलखंड के कनारोआ स्टेशन के पोल संख्या 524/29 से 31के बीच लौह अयस्क ले जा रही मालगाड़ी आज दिन के लगभग 10बजे दुर्घटना ग्रस्त हो गई। घटना के बाद रेल सेवा बाधित हो गई है।पूरी हटिया तपस्विनी एक्सप्रेस को टाटी रेलवे स्टेशन पर रोक दिया गया है, क्योंकि अप एवं डाउन दोनों पटरी क्षतिग्रस्त हो गई है ,माल गाड़ी के डिब्बे दोनों पटरियों के बीच बिखरे पड़े हैं। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।दुर्घटना के कारण की जांच की जा रही है। बताया गया कि यहां रेल मार्ग बाधित होने के कारण कई ट्रेन के मार्ग में परिवर्तन किया गया है।

### बिहार चुनाव : पहले चरण में 2 प्रत्याशी 80 से ऊपर और 432 दागी मैदान में

**पटना ।** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में दो प्रत्याशी ऐसे है जो 80 साल से ज्यादा आयू के हैं। जबकि 432 दागी प्रत्याशी चुनावी मैदान में दिख रहे हैं। बता दें पहले चरण के 121 विधानसभा क्षेत्रों में उतरे 1303 उम्मीदवारों में 40 फीसदी करोड़पति हैं। औसतन एक उम्मीदवार के पास 3.26 करोड़ रुपये की संपत्ति है। रिपोर्ट में बताया गया है कि कुल उम्मीदवारों में 36 फीसदी (463) की आयु 25 से 40 वर्ष के बीच की है। 51 फीसदी (669) उम्मीदवारों ने अपनी आयु 41 से 60 वर्ष के बीच बताई है। 13 प्रतिशत (169) उम्मीदवारों ने 61 से 80 वर्ष के बीच आयु घोषित की है। दो उम्मीदवारों की उम्र 80 वर्ष से भी अधिक है।

## राष्ट्रपति मुर्मू दो़य कुंदा़उ केदा नागाम, सुखोई तायो़म राफेल रेय देच् एना

### ● अंबाला एयरफोर्स स्टेशन खो़न सेरमा टुंगा़उ हा़बिच् गो़रो़बो़क् रेयाक् ओ़कते

खोबोरिया

**चंडीगढ़ ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो़ भारतीय वायुसेना रेयाक् लड़ाकू विमान राफेड रे देच् काते नागाम कुंदा़उ लेकान मो़हो़तानाक्ए कामीयाकादा। नोआ उड़ान ला़गित राष्ट्रपति दो़ हरियाणा रे मेनाक् अंबाला एयरफोर्स स्टेशन खो़ने देच् लेना। नोआ ताक रे एयर चीफ मार्शल सिंह सांवते आयमा अधिकारी हो़ंको ताहेंकाना। नोआ खो़न लाहा राष्ट्रपति मुर्मू दो़ सुखाई-3 एमकेआई लड़ाकू विमान रे हो़ंय देच् चुका़वाकाना। देजो़क् खो़न लाहा रे अंबाला एयरफोर्स स्टेशन रे एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह दो़ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मूय आताङ दाराम केदेया। नोंडे एयरफोर्स रेन जवान दो़ उनी गार्ड ऑफ ऑनरको एमादेया। राष्ट्रपति मुर्मूवाक् नोआ देजो़क् ते भारतीय वायुसेना सांव-सांवते पुरा़उ दिसा़म गो़रो़बे आटकारेत् काना। आसो़ल काथा दो़ नोआ काना जे राष्ट्रपति मुर्मू दो़ दिसा़म रेयाक् चेतान उता़र हुदा़ रे मेनाय आकादेया आर ओनाते उनी दो़ पेने सेना रेन कमांडर हों कानाय। लाई तोरावापे काना जे राष्ट्रपति मुर्मू दो़ तेहेञाक् नोआ देजो़क् खो़न लाहा सुखोई-3 एमकेआई लड़ाकू विमान रे हो़ंय देच् चुका़वाकाना। उनी दो़ 8 अप्रैल 2023 हिलोक् नोआ रे असम रेयाक् तेजपुर वायुसेना स्टेशन खो़ने देच् लेना। उन रे उनी दो़ आयाक् देजो़क् रेयाक् आनाटकार शेयर तुलुच्ए मेन लेदा जे वायुसेना रेन पायलटकोवक् दाड़े आर अनुशासन दो़ जाहां तिना़क् गेम सारहाव उना़क् गे को़म गेया। अंबाला एयरफोर्स स्टेशन खो़न सा़गुनमाहां हिलोक् भारतीय वायुसेना रेयाक् फाइटर जेट आर राष्ट्रपति मुर्मूवाक् देजो़क् दो़ एयरफोर्स रेयाक् आधुनिकता, मो़ंज दाड़े आर आपनार रे टेहाड भारो़तरेयाक् रक्षा कुरूमुटूकोय सो़दो़रेत् काना। आर से नो़ते अंबाला वायुसेना स्टेशन दो़ राफेल स्क्वाड्रन रेयाक् तैनाती रेयाक् आसो़ल केंद्र काना आर नोआ दो़ भारत रेयाक् हवाई सुरक्षा रेयाक् माराङ आधार मानावो़क् काना।



## यह चुनाव सिर्फ सत्ता का नहीं, बल्कि मिथिला की संस्कृति और राष्ट्रभक्ति की रक्षा का चुनाव : अमित

एजेंसी

**दरभंगा ।** बिहार चुनाव के बीच मंगलवार को अलीनगर विधानसभा की ऐतिहासिक धरती पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ऐसी गर्जना की जिसने पूरे मिथिला को राजनीतिक जोश से भर दिया। विशाल भीड़ के बीच उन्होंने स्पष्ट कहा – यह चुनाव सिर्फ सत्ता परिवर्तन का नहीं, बल्कि मिथिला की संस्कृति, अस्मिता और राष्ट्रभक्ति की रक्षा का चुनाव है।

सभा स्थल पर 'जय श्रीराम' और 'भारत माता की जय' के नारों के बीच शाह ने अपने भाषण की शुरुआत मिथिला और माता सीता के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए की। उन्होंने कहा –मैं माता सीता की पवित्र भूमि पर आया हूं। यह धरती त्याग, मर्यादा और संस्कृति की प्रतीक है। अब इस भूमि से ही एक नई राजनीतिक संस्कृति का उदय होगा – जो निष्ठा, सेवा और सत्य पर आधारित होगी।

अमित शाह ने मंच से बीजेपी प्रत्याशी मैथिली ठाकुर की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि



भाजपा ने परिवारवाद की राजनीति को तोड़ते हुए मिथिला की बेटी को जनप्रतिनिधित्व का अवसर दिया है। भाजपा ने 25 वर्षीय मैथिली ठाकुर को टिकट देकर यह साबित किया है कि अब राजनीति में परिवार नहीं, योग्यता और निष्ठा चलेगी। क्या लालू या कांग्रेस ऐसा कर सकते हैं? मिथिला की बेटी राजनीति में नए युग की पहचान बनेगी,÷ उन्होंने कहा। शाह ने आगे कहा कि मैथिली ठाकुर मिथिला की संस्कृति और आस्था की सशक्त आवाज़ हैं।

उन्होंने कहा कि जब मैथिली ठाकुर विधानसभा में बोलेंगी, तो यह सिर्फ एक प्रतिनिधि की नहीं, बल्कि पूरी मिथिला की आवाज़ होगी। गृह मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकासपरक नीतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि एनडीए रकार ने मिथिला के सम्मान और विकास दोनों की दिशा में अभूतपूर्व काम किया है। दरभंगा में एम्स का निर्माण मोदी जी की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। मिथिला की पहचान को हमने संविधान में मान्यता दी – मैथिली भाषा को आठवीं अनुसूची में स्थान मिला और कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर उनके आदर्शों का सम्मान किया गया।श ाह ने कहा कि यह दोहरा इंजन सरकार ही है जिसने गरीबों को मुफ्त राशन, आवास और शौचालय जैसी योजनाओं का लाभ पहुंचाया।

## हमारा सपना है कि मेड इन चाइना नहीं मेड इन बिहार बने : राहुल गांधी

एजेंसी

**पटना/मुजफ्फरपुर ।** बिहार में मुजफ्फरपुर जिले के सकरा विधानसभा क्षेत्र में महागठबंधन उम्मीदवार के पक्ष में जनसभा को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार छोटे उद्योग को खत्म कर अडानी-अंबानी को फायदा पहुंचा रही है। कहा कि हमारा सपना है कि अब मेड इन चाइना नहीं मेड इन बिहार बने। उन्होंने कहा कि बिहार में शिक्षा का कोई मतलब ही नहीं मेहनत करने वाले का कोई भी कद्र नहीं है। आज बिहार में युवा मेहनती हैं, आज भी कर्ज लेकर बाहर जाते हैं और पढ़ाई का अवसर यहां नहीं है। यही नहीं एग्जाम का पेपर लीक होने के कारण बिहार में सही शिक्षा नहीं मिलती। बिहार के मेहनती युवक की मेहनत बेकार हो जाती है। बिहार को बदलने के लिए आया हूं और बदलकर रहेंगे।

लोकसभा सांसद राहुल गांधी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आपके बिहार में आया हूं इस बारिश में भी आप सब आए हैं इसके लिए आपका आभार व्यक्त करते हैं।अब इस सरकार को बदलने का समय



आया है। हम आज भी देश में जहां पर जाता हूं लोगों का साथ मिलता है। आप सब मिलकर रहे बिहार में काम करे, और जिस प्रकार से देश के अलग अलग जगहों पर आप लोगों ने हमारी सरकार को बनाए है उसी तरह से बिहार में भी सरकार बनाने का काम करे। इस मौके पर नेता विरोधी दल तेजस्वी यादव और वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी मौजूद रहे।

## अदालतों में आपराधिक मामलों में आरोप तय होने में लंबी देरी पर चिंतित सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को देशभर की अदालतों में आपराधिक मामलों में आरोप तय करने में हो रही लंबी देरी पर चिंता जाहिर की है। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह देरी न्याय प्रणाली की दक्षता पर गंभीर सवाल पैदा करती है। कई बार आरोपी सालों तक जेल में बंद रहते हैं, लेकिन मुकदमा शुरू ही नहीं हो पाता। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि देशभर



में कई इसतरह के केस हैं, जिसमें चार्जशीट दाखिल हुए 3-4 साल हो गए, लेकिन मुकदमा शुरू ही नहीं हुआ। शीर्ष अदालत ने साफ संकेत दिया कि वह अब इस समस्या पर पूरे देश के लिए समान दिशानिर्देश जारी करने पर विचार होना चाहिए है, ताकि इस प्रणालीगत देरी को समाप्त कर सके। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सीनियर एडवोकेट सिद्धार्थ लूथरा को अमाइकस क्यूरी (न्यायालय मित्र) नियुक्त किया है। साथ ही भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अटॉर्नी जनरल से भी विषय पर न्यायालय की सहायता करने को कहा गया है। अदालत ने बिहार राज्य के वकील को भी इस प्रक्रिया में शामिल किया है।

पीठ एक इसतरह के मामले की सुनवाई कर रही थी, जिसमें आरोपी करीब दो साल से जेल में था। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि चार्जशीट 2023 में दाखिल की गई थी, लेकिन अभी तक आरोप तय नहीं हुए हैं। इस पर जस्टिस अरविंद कुमार ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा, दीवानी मामलों में मुद्दे तय नहीं होते, आपराधिक मामलों में आरोप तय नहीं होते। आखिर कठिनाई क्या है? अगर यह स्थिति जारी रही, तब हम पूरे देश के लिए स्पष्ट दिशानिर्देश जारी करने की कोशिश में है।

## बच्चों को संक्रमित खून चढ़ाने की घटना की जिम्मेवारी लें स्वास्थ्य मंत्री : वृंदा करात

संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम ।** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में थैलेसीमिया के पीडित बच्चों को संक्रमित खून चढ़ने की घटना दुखद है। इस घटना की जिम्मेवारी स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को लेना चाहिए। यह बातें माकपा की वरिष्ठ नेत्री वृंदा करात ने बुधवार को मेन रोड स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कही।

उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण को नागरिकता निर्धारण का उपकरण नहीं बनाया जा सकता है। निर्वाचन आयोग की ओर से 12 राज्यों



में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को विस्तारित करने के फैसले का माकपा कड़ा विरोध करती है। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया गरीबों और कमजोर वर्गों के बड़े हिस्से को मताधिकार से वंचित कर सकती है।

उन्होंने कहा कि बिहार के अनुभव से यह स्पष्ट हुआ है कि इस प्रक्रिया के तहत समाज के कमजोर तबकों के अनेक लोग मतदाता सूची से बाहर कर दिए गए। आयोग को यह स्वीकार करना पड़ा था कि पात्रता के प्रमाण के रूप में मांगे गए 11 दस्तावेज़ प्रारंभिक आवेदन के साथ अनिवार्य नहीं हैं। यहां तक कि आधार कार्ड जिसे सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद जोड़ा गया, मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण भाजपा की विभाजनकारी राजनीति को आगे बढ़ाने का माध्यम नहीं बनना चाहिए। मौके पर पार्टी के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने घाटशिला उप चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी के समर्थन करने की घोषणा की।

## तूफान मोंथा की वजह से कल तक भारी बारिश व तेज हवा चलने की आशंका

संवाददाता

**रांची ।** चक्रवाती तूफान मोंथा के कारण 31 अक्टूबर तक झारखंड के विभिन्न जिलों में भारी बारिश की आशंका है। यह जानकारी मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बुधवार को दी।

उन्होंने बताया कि आनेवाले समय में इसके पूर्व-मध्य अरब सागर के ऊपर उत्तर-पूर्व दिशा में आगे बढ़ने की संभावना है।

आनंद ने बताया कि गुरुवार को झारखंड के उत्तर-पश्चिमी और मध्यवर्ती भाग में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है।

30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने और कहीं-कहीं आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा शुक्रवार को राज्य के उत्तर पूर्वी भागों में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है। वहीं पिछले 24 घंटे के दौरान झारखंड के विभिन्न जिलों में बारिश रिकार्ड की गई। इस दौरान राजधानी रांची, बहरागोड़ा और डाल्टनगंज में कहीं-कहीं बारिश रिकार्ड की गई। बुधवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मूसलाधार बारिश हुई।

## शराब घोटाला मामले में आईएएस मनोज कुमार से एसीबी ने की पूछताछ

संवाददाता

**रांची ।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने झारखंड शराब घोटाला मामले में राज्य में उत्पाद सचिव रह चुके आईएएस अधिकारी मनोज कुमार से लंबी पूछताछ की। बुधवार की पूछताछ के दौरान एजेंसी ने मनोज कुमार से कई सवाल पूछे जिनका उन्होंने जवाब दिया लेकिन उनके जवाब से एसीबी संतुष्ट नहीं दिखी। इसके बाद उन्हें दुबारा पूछताछ के लिए गुरुवार को बुलाया गया है। मनोज कुमार को एजेंसी ने पिछले दिनों नोटिस भेज कर पूछताछ के लिए बुलाया था जिसके बाद वह बुधवार को एसीबी मुख्यालय पहुंचे। वहां उनसे काफी देर से पूछताछ हुई। इससे पहले झारखंड के शराब घोटाले में एसीबी ने पूर्व उत्पाद सचिव विनय चौबे को सबसे पहले गिरफ्तार किया था।

## मुख्यमंत्री से लुगू बुरु घांटा बाड़ी धोरोम गाढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

संवाददाता

**रांची ।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में लुगू बुरु घांटा बाड़ी धोरोम गाढ़ के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। मौके पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने अवगत कराया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोहराय कुनामी (कार्तिक पुर्णिमा) के शुभ अवसर पर लुगू बुरु घांटा बाड़ी धोरोम गाढ़, टीटीपीएस ललपनिया बोकारो में आगामी तीन, चार और पांच नवम्बर को अन्तर्राष्ट्रीय सरना धर्म महासम्मेलन 2025 कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मौके पर प्रतिनिधिमंडल में शामिल सदस्यों ने



मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए सादर आमंत्रित किया।

इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल में लुगू बुरु घांटा बाड़ी धोरोम गाढ़ के अध्यक्ष बबुली सोरेन, सचिव लोबिन मुर्मू सहित मिथिलेश किस्कू, बिंदे सोरेन (मांझी बाबा, जमशेदपुर), सुरेन्द्र टुडू, बुधन सोरेन, सुखराम बेसरा, मेघराज मुर्मू, संतोष हेंब्रम एवं अन्य उपस्थित रहे।

## संताल एवं पहाड़िया पर बने दो कानूनों की हो रही समीक्षा, महासभा को एतराज

## संताल सिविल रूल्स 1946 और संताल परगना जस्टिस रेग्युलेशन 1893 की सरकार कर रही समीक्षा

### ● मांझी परगना सरदार महासभा की दुमका में हुई बैठक में समीक्षा पर विरोध जताया गया

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका ।** अंग्रेजी शासन में संताल एवं पहाड़िया के हितों के लिए बने दो कानूनों की सरकार द्वारा की जा रही समीक्षा पर मांझी परगना सरदार महासभा ने एतराज जताया है।बुधवार को मांझी परगना सरदार महासभा की प्रमंडलीय बैठक दुमका सर्किट हाउस में हुई।जामताड़ा जिला के कुंडहित प्रखण्ड के बिर माँझी हराधन मुर्मू की अध्यक्षता में हुई बैठक का संचालन माँझी बाबा देवघर प्रेमचंद किस्कू ने किया। बैठक मुख्य रूप से सरकार द्वारा संताल सिविल रूल्स 1946 और संताल परगना जस्टिस रेग्युलेशन 1893 पर समीक्षा एवं संशोधन पर चर्चा के लिए बुलाई गई थी। बैठक में जामताड़ा ,देवघर,दुमका ,पाकुड़,साहेबगंज, गोड्डा के माँझी बाबा एवं अन्य पदधारी के साथ ही संताल समाज के बुद्धिजीवी शामिल हुए। इन दोनों कानून पर संताल परगना के सभी छः जिलों के अपर समाहर्त्ता के द्वारा जो समीक्षा रिपोर्ट प्रमंडलीय आयुक्त को भेजी गई है,उस पर बैठक में मंथन किया गया।सभी जिले से आए माँझी एवं बुद्धिजीवी से मंतव्य एवं सुझाव लिया गया।बैठक में यह निष्कर्ष निकलकर सामने आया कि सरकार बेवजह का दोनों कानून पर गलत मंशा से समीक्षा कर रही है।दोनों कानून पर समीक्षा से तात्पर्य है,संताल एवं पहाड़िया के लिए बने कानून पर संशोधन खत्म करना चाहती है।



बैठक में सामाजिक पद पर गैर लोगों का अतिक्रमण पर चिन्ता व्यक्त की गई।इस पर भी उपस्थित सभी लोगों ने कड़ा विरोध किया।बैठक में कहा गया कि सरकार के पदाधिकारियों ने अंचलों और जिलों में समीक्षा के समय 95 प्रतिशत माँझी एवं अन्य पद धारियों को नहीं बुलाया गया।समीक्षा बैठक में वैसे लोगों को बुलाया गया जो संताल एवं पहाड़िया समाज के विषय पर कुछ भी नहीं जानते हैं।ऐसे लोगों के सुझाव मांगा गया जिससे सही रिपोर्ट नहीं भेजा गया। यह भी निर्णय लिया गया कि इन दोनों कानून पर संताल परगाना के सभी जिलों का वृहत संयुक्त बैठक आगामी 15 नवम्बर के बाद दुमका में की आयोजित की जाएगी।बैठक में जामताड़ा से राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक एवं माँझी परगाना सरदार महासभा के संरक्षक सुनील कुमार बास्की,माँझी परगाना सरदार महासभा के जामताड़ा जिला अध्यक्ष सुनील कुमार हांसदा,बिर माँझी हराधन मुर्मू, समाज सेवी लेबेन हांसदा,माँझी सीताराम मुर्मू, दुमका से माँझी बाबा ईंग्लिशलाल मराण्डी ,माँझी सुशील मराण्डी ,माँझी मिसिल हांसदा,माँझी रामसुन्दर हेम्ब्रम, रुसोराम बास्की,साहेबगंज से छोटो हांसदा,आदि मौजूद थे।

## नो-एंट्री विवाद पर मधु कोड़ा और डीसी में हुई नोकझोंक

संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम ।** जिला मुख्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा और उनके सहयोगी खड़े रहे, जबकि विधायक सुखराम उरांव और उपायुक्त चंदन कुमार बैठे रहे और दोनों पक्षों के बीच बातचीत धीरे-धीरे बहस में बदल गई। दरअसल, नो-एंट्री व्यवस्था लागू करने की मांग को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, जिला मानकी मुंडा संघ और विभिन्न आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधि उपायुक्त से मिलने पहुंचे थे। इस दौरान ज्ञापन सौंपने की प्रक्रिया के बीच माहौल अचानक गरमा गया।

मिली जानकारी के अनुसार, बातचीत के दौरान मीडिया प्रतिनिधियों को लेकर की गई एक टिप्पणी पर मधु कोड़ा भड़क उठे। उन्होंने कहा कि नेता की बदौलत ही देश चलता है और नेताओं की वजह से ही अधिकारी अपनी कुर्सी पर बैठे हैं। मीडिया देश का चौथा स्तंभ है, उसके साथ गलत व्यवहार स्वीकार्य नहीं है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशासन को जनता की समस्याओं और मांगों को संवेदनशीलता से लेना चाहिए। उन्होंने यह भी मांग किया कि पुलिस की ओर से गिरफ्तार किए गए सभी ग्रामीणों को बिना शर्त रिहा किया जाए, अन्यथा आने वाले



दिनों में पूरे झारखंड में व्यापक आंदोलन और बंद का आह्वान किया जाएगा।

वहीं, उपायुक्त चंदन कुमार की ओर से इस विवाद पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। बताया जाता है कि चाईबासा शहर में भारी वाहनों के आवागमन के कारण लगातार जाम और दुर्घटनाओं की स्थिति बनी रहती है, जिसके चलते स्थानीय लोग और संगठन नो-एंट्री व्यवस्था लागू करने की मांग कर रहे हैं।

उधर, तांबो चौक में 27 अक्टूबर को हुए पुलिस-ग्रामीण टकराव का मामला अब पूरे कोल्हान क्षेत्र में उबाल पर है।

## बिहार में एनडीए दो तिहाई बहुमत के साथ सरकार बनाएगी:संजय सेठ



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बुधवार को भागलपुर के सुल्तानगंज विधानसभा क्षेत्र के शाहकुंड प्रखंड, एवं सुल्तानगंज, भागलपुर के नारायणपुर में जनसंपर्क अभियान चलाया।इस दौरान रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने लोगों से एनडीए के प्रत्याशी के पक्ष में अपना मतदान करने की अपील की सुल्तानगंज में आयोजित सभा में श्री सेठ ने कहा कि बिहार में जंगलराज के दौरान यहां के विकास पर ब्रेक लगाने का काम कांग्रेस और राजद ने किया था। उस ब्रेक को तोड़कर एनडीए की सरकार ने बिहार के विकास को नई रफ्तार दी है। यह रफ्तार माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बढ़ती जा रही है। अब दुबारा बिहार के विकास को ब्रेक नहीं लगाना है। एनडीए के कार्यकर्ताओं से संवाद कर बिहार में रिकॉर्ड जीत के साथ एनडीए की सरकार बनाने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। बिहार की जनता अब किसी के झांसे में नहीं आने वाली है।

## नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म मामले में युवती सहित चार आरोपित गिरफ्तार

**बोकारो।** कसमार थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले का उद्भेदन करते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना 27 अक्टूबर की शाम की बताई जा रही है, जब बरईकला छठ घाट से लौट रही पीड़िता को अगवा कर लिया गया था। एसपी हरविंदर सिंह ने बुधवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गांव की ही 20 वर्षीय युवती कुसुम कुमारी ने तीन युवकों सफीक अंसारी (26), रंजीत तूरी (19) और राहुल तूरी (18) को वहां बुलाकर पीड़िता को बहला-फुसलाकर उनके साथ भेज दिया। आरोप है कि तीनों ने पीड़िता को ओरमो-दांतू रोड स्थित कुलागुजु के पास सुनसान स्थान पर ले जाकर बारी-बारी से दुष्कर्म किया। घटना की जानकारी मिलते ही बेरमो अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने त्वरित छापेमारी कर चारों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तीन युवक पेटरवार थाना क्षेत्र के निवासी हैं, जबकि महिला आरोपित कसमार की रहने वाली है।

## डीसीने शुरू की बिरसा मुंडा वो राज्य स्थापना दिवस की तैयारी

**धनबाद।** धरती आबा बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती और राज्य स्थापना दिवस की तैयारियों के लिए बुधवार को डीसी आदित्य रंजन ने समीक्षा बैठक की। समाहरणालय सभागार में हुई बैठक में डीसी के साथ- साथ जिले भर के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम पर भी चर्चा की गई। डीसी ने कहा कि राज्य स्थापना दिवस के 25वें वर्ष, भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में जिले में जनहितकारी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। 11 नवम्बर से 29 नवम्बर तक सरकार आपके द्वार÷ तथा राज्य स्थापना सप्ताह से संबंधित कई कार्यक्रम होंगे।कार्यक्रमों की शुरुआत एलईडी वैन के फ्लैग-ऑफ से होगी, जिसके माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इस दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्ट्रीट डांस एवं फ्लैश मॉब से जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। साइकिल रैली निकाली जाएगी। वॉल पेंटिंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसमें विद्यार्थियों और स्थानीय कलाकार भाग ले सकते हैं। साथ ही रांची के मोरहाबादी में प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। जिसमें जिले की सभी विशिष्ट उपलब्धियाँ प्रदर्शित की जाएंगी। विभिन्न विभाग अपने कार्य और प्रगति को प्रदर्शित करेंगे एवं स्कूली शिक्षा और उच्च शिक्षा विभाग अपने प्रमुख कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। डीसी ने बताया कि ब्लड डोनेशन बस और पॉलीटेक्निक बस का शुभारंभ किया जाएगा। स्मार्ट स्कूल, ऑब्जर्वेशन होम कैप, सदर पंजीयन काउंटर, जेआरडीए ई-रिक्शा वितरण, सोलर स्ट्रीट लाइट तथा जरूरतमंदों के बीच स्वेटर एवं कंबल वितरण किया जाएगा।

## कमलपुर गादी जंगल में हुआ हादसा

**गिरिडीह।** गोविंदपुर मुख्य सड़क पर टुंडी थाना क्षेत्र के कमलपुर गादी जंगल में मिश्रा यात्री बस और ट्रेलर के बीच आमने-सामने से भीषण टक्कर हो गई। घटना बुधवार दोपहर करीब एक बजे की है। इस हादसे में ट्रेलर चालक मंसूर खान (42) की मौत हो गई। वहीं बस में सवार करीब एक दर्जन यात्री घायल हो गए। मृतक मंसूर जमशेदपुर के मानगो का निवासी था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मिश्रा यात्री बस बोकारो से गिरिडीह जा रही थी। ट्रेलर जमशेदपुर के रिंकू सिंह का था और गिरिडीह से धनबाद की ओर जा रहा था। कमलपुर जंगल के पास दोनों वाहनों की आमने-सामने टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस और ट्रेलर के अगले हिस्से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। यात्रियों ने बताया कि बस चालक बेतरतीब तरीके से गाड़ी चला रहा था। कई यात्रियों ने उसे धीमी गति से चलाने की सलाह भी दी थी। लेकिन उसने किसी की बात नहीं सुनी। जिसके कारण यह दर्दनाक हादसा हो गया। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। घटना की सूचना मिलते ही टुंडी थाना प्रभारी उमाशंकर, बीडीओ विशाल पांडेय और सीओ सुरेश प्रसाद बरनवाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

## स्थापना दिवस से वैश्य आंदोलन को नई दिशा मिलेगी: महेश्वर साहु

**संताल एक्सप्रेस /रांची ।** शुक्रवार झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा का 7वां स्थापना दिवस मनाया जायेगा. स्थापना दिवस पर सात पाउंड का केक काटा जायेगा. इस अवसर पर वैश्य समाज के पाँच प्रबुद्धजन को वैश्य रत्न की उपाधि से सम्मानित किया जाएगा. जबकि पाँच उत्कृष्ट कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया जाएगा. यह कार्यक्रम रांची के रेडियम रोड स्थित होटल आलोका सभागार में आयोजित होगा. सभागार प्रख्यात बुद्धिजीवी और झारखंड आंदोलनकारी वैश्य रत्न डॉ. वी.पी. केशरी के नाम से जाना जायेगा. कार्यक्रम में कई प्रस्ताव भी पारित किये जायेंगे और आगे की रणनीति एवं कार्यक्रमों की घोषणा की जाएगी. इस बाबत सभी तैयारी पूरी कर ली गयी है. यह जानकारी वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने आज रांची के चर्च रोड स्थित होटल राजधानी प्लाजा में संवाददाता सम्मेलन में मीडिया को दी. केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा राज्य में निवास करने वाले 54




वैश्य उप-जातियों का सामाजिक संगठन है, जो राज्य के 40त्न आबादी की चिंता करती है और उनकी समस्याओं व मांगों को लेकर संघर्ष करती रहती है। वैश्य मोर्चा सामाजिक कार्यों में भी भरपूर योगदान देती रही है और लोगों के व्यक्तिगत समस्याओं का भी भरसक निदान करती है तथा उनके साथ खड़ा रहती है. साहु ने कहा कि हमारे लिए गौरव की बात है कि वैश्य मोर्चा की ओर से जिन मुद्दों को लेकर आंदोलन और संघर्ष किया गया है, या तो हम सफल हुए हैं या फिर सरकार और राजनीतिक दलों के लिए वह मुद्दा बन गया है। यह सब वैश्य मोर्चा के निष्ठावान, समर्पित कार्यकर्ताओं और शुभचिन्तकों की मेहनत, लगन, अनुशासन और संगठन एवं नेतृत्व के प्रति भरोसा से ही संभव होता रहा है।

## सड़क हादसे में महिला की मौत

**धनबाद।** जिले के निरसा थाना क्षेत्र स्थित एनएच-19 दिल्ली-हावड़ा रोड पर बुधवार को एक बार फिर दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। सड़क पार कर रही बाईक सवार महिला को तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। मृतका की पहचान निरसा के मागूडीह निवासी के रूप में हुई है। सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है कि एक बाइक पर दो व्यक्ति और एक महिला सवार होकर एक सड़क को छोड़ दूसरी सड़क को पार करने का प्रयास कर रहे हैं, तभी उस सड़क पर अचानक आई एक तेज रफ्तार ट्रक उन्हें टक्कर मार देती है। इससे बाइक गिर जाती, लेकिन बाइक पर पीछे बैठी महिला ट्रक के पिछले पहिए के नीचे आ जाती है। इससे ट्रक महिला को बुरी तरह से कुचलता निकल जाता है।

## बिहार की जनता बदलाव को है तैयार, 20 साल से चल रही सरकार से जनता को चाहिए मुक्ति : शिल्पी

संताल एक्सप्रेस

**रांची।** बिहार विधानसभा के चुनावी समर में झारखंड की कृषि,पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की उतर गई। ऑल इंडिया आदिवासी कांग्रेस की तरफ से बिहार चुनाव में ऑब्जर्बर बनाए जाने के बाद पूर्णिया सीट से महागठबंधन समर्थित कांग्रेस उम्मीदवार जितेंद्र कुमार यादव के पक्ष में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने आदिवासी बहुल गांव में गांवों में प्रचार अभियान चलाया। पूर्णिया विधानसभा क्षेत्र के हांसदा मुंशी बाड़ी, बीरपुर,मधुसूदन चौक डलिया,रामपुर नया टोला सहित अन्य गांव में उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने की अपील की।कृषि,पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि बिहार में इस वक्त बदलाव की बयार बह रही है। ये वक्त सरकार बदलने और बिहार का विकास करने



का है। पिछले 20 साल से राज्य में नीतीश कुमार की सरकार विकास के नाम पर गांव के विकास, महिलाओं के सम्मान, युवाओं को रोजगार का सपना दिखा कर ठगने का काम कर रही है। दरअसल में बिहार में नीतीश कुमार सरकार नहीं चला रहे है,बल्कि गुजरात के दो नेता सरकार चला रहे है।झारखंड में अबुआ दिशुम,अबुआ राज चल रहा है।राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दूरदर्शी सोच के साथ स्वतंत्र रूप से सरकार चला रहे है,लेकिन बिहार में ऐसा नहीं है।झारखंड में गठबंधन वाली सरकार ने किसानों को 2 लाख रुपए तक की ऋण माफी की है,200 यूनिट फ्री बिजली दे रही है। महिलाओं को हर माह 2500 रुपए सम्मान योजना का लाभ मिल रहा है।गठबंधन की सरकार का काम दिखता है।बिहार में भी गठबंधन की सरकार बनने पर इस तरह की योजनाओं का लाभ मिल सकता है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि ये चुनाव किसी दल या उम्मीदवार का चुनाव नहीं है बल्कि ये चुनाव आपका भविष्य तय करेगा।उन्होंने कहा कि बिहार की जनता एक बड़ी लड़ाई लड़ रही है। इस लड़ाई को इस बार जीतना है।बिहार सरकार ने कभी आदिवासी, दलित,पिछड़ा समाज की सुध नहीं ली। इस अनदेखी को नहीं भूलना है।मंत्री ने मतदाताओं को आगाह करते हुए कहा कि एनडीए के अंदर सत्ता की लोलुपता इतनी ज्यादा है कि वोट खरीदने से लेकर वोट चोरी तक में वो पीछे नहीं है।लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने देश की जनता के सामने वोट चोरी को उजागर किया है।अगर जनता सजग नहीं हुई,तो वोट चोरी के बाद अब जनता की योजना,जनता के हक अधिकार,युवाओं के रोजगार की चोरी से भी एनडीए पीछे नहीं हटेगी।इस लिए वोट के अधिकार से बिहार में गठबंधन की सरकार बनानी है।पूर्णिया विधानसभा क्षेत्र में चुनावी प्रचार के दौरान आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष जितेंद्र उरांव,विजय उरांव , उपेंद्र शर्मा,वार्ड पार्षद नवल जायसवाल, आनंद लकड़ा,अमरोन बाड़ा, निभा देवी,संजू तिर्की, मुन्नी मरांडी,सुशीला मरांडी सहित गठबंधन के नेता मौजूद थे।

## कोल्हान बंद का व्यापक असर, सड़कों पर उतरे भाजपा कार्यकर्ता

संताल एक्सप्रेस

**चाईबासा।** पुलिस लाठीचार्ज के विरोध में भाजपा और आदिवासी संगठनों की ओर से आहूत कोल्हान बंद का बुधवार को पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) और आसपास के इलाकों में व्यापक असर देखा गया। सुबह से ही बंद समर्थक सड़कों पर उतर आए और शहर के विभिन्न हिस्सों में घूम-घूमकर दुकानों को बंद कराया। मु य बाजार, टाटा रोड, संतुला चौक और टेंबरपोसी रोड पर सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे, जबकि यातायात आंशिक रूप से प्रभावित हुआ। पूर्व मंत्री बडकुवर गागराई,मधु कोड़ा, गीता कोड़ा सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने तांबो चौक, सदर बाजार, बस स्टैंड और शहीद पार्क क्षेत्र में बंद को सफल बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाई। शहर में सुबह खुले पेट्रोल पंपों और दुकानों को भी कार्यकर्ताओं ने बंद करा दिया। वहीं, चक्रधरपुर में बंद का मिला-जुला असर देखा गया। कुछ



क्षेत्रों में दुकानें खुली रहीं, जबकि पवन चौक और मेन रोड इलाके में व्यापार पूरी तरह ठप रहा। लंबी दूरी की बस सेवाएं बंद रहीं, जिससे यात्रियों को परेशानी हुई। सोनुवा में बंद का सबसे अधिक प्रभाव देखने को मिला। भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एनएच-320डी (चक्रधरपुर-राउरकेला मार्ग) को जाम कर दिया और सड़क पर टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। यहां सभी दुकानें और वाहन परिचालन पूरी तरह बंद रहे। इसी तरह जगन्नाथपुर, मनोहरपुर और आनंदपुर क्षेत्रों में भी बंद का असर साफ नजर आया, हालांकि कहीं से हिंसा या झड़प की कोई सूचना नहीं है। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को आंदोलनकारियों की गिर तारी के बाद ही माहौल बिगड़ गया था। भारी वाहनों के लिए 'नो एंट्री' का समय तय करने की मांग को लेकर मंत्री दीपक बिरुवा का आवास घेरने जा रहे प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने तांबो चौक पर रोक दिया था, जिसके बाद पत्थरबाजी और लाठीचार्ज की घटना हुई। पुलिस ने 17 महिला-पुरुषों को हिरासत में लिया था, जिसके बाद भाजपा ने पुलिस कार्रवाई के खिलाफ कोल्हान बंद का आह्वान किया। घटना के बाद पूर्व मु यमंत्री चंपाई सोरेन घायल आंदोलनकारियों से मिलने जा रहे थे, लेकिन प्रशासन ने उन्हें चाईबासा में प्रवेश की अनुमति नहीं दी। आदिवासी संगठनों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने मु यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला फूंकते हुए पुलिसिया कार्रवाई के खिलाफ नारेबाजी की और बंद को पूरी तरह सफल बनाने का आह्वान किया। पुलिस प्रशासन ने शहर में सुरक्षा व्यवस्था स त कर दी है ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके।

## मंत्री और सचिव भी दोषी हैं बच्चों को संक्रमित रक्त चढ़ाने के : सरयू



**जमशेदपुर।** विधायक सरयू राय ने चाईबासा ब्लड बैंक से थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों को एचआईवी संक्रमित रक्त चढ़ाने की घटना को राज्य स्वास्थ्य व्यवस्था की गंभीर लापरवाही बताया है। उन्होंने बुधवार को कहा कि केवल सिविल सर्जन का निलंबन इस अमानवीय घटना की जवाबदेही तय करने के लिए पर्याप्त नहीं है। इसके लिए स्वास्थ्य मंत्रालय और सचिवालय दोनों समान रूप से जि मेदार हैं। विधायक सरयू राय ने कहा कि राज्य के स्वास्थ्य मंत्री और स्वास्थ्य सचिव से स्पष्टीकरण पूछा जाना चाहिए कि झारखंड में राष्ट्रीय रक्त नीति (नेशनल ब्लड पॉलिसी) के प्रावधानों को अब तक लागू क्यों नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि झारखंड के किसी भी सरकारी ब्लड बैंक की कार्यप्रणाली राष्ट्रीय रक्त नीति के मानकों पर खरी नहीं उतरती है। उन्होंने याद दिलाया कि विधानसभा में राष्ट्रीय रक्त नीति से संबंधित उनके एक प्रश्न के उत्तर में सरकार ने 11 मार्च 2022 को स्वीकार किया था कि राज्य रक्त संग्रह की प्राथमिक शर्तों का भी पालन नहीं कर रहा है। उस समय सरकार ने सदन पटल पर जो आश्वासन दिया था, उसका पालन आज तक नहीं हुआ है। यहां तक कि जिन अस्पतालों ने रक्त संग्रह अभियान नहीं चलाया, उनके खिलाफ भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। राय ने बताया कि राज्य के 24 जिलों के सदर अस्पतालों में से केवल रांची सदर अस्पताल में ब्लड सेपरेशन यूनिट कार्यरत है, जबकि रि स और एमजीएम, जमशेदपुर में भी यह सुविधा उपलब्ध है। बाकी 23 जिलों के सदर अस्पतालों में यह यूनिट अब तक स्थापित नहीं की गई है। परिणामस्वरूप, संग्रहित रक्त से प्लेटलेट्स, आरबीसी और प्लाज्मा अलग करने की सुविधा उपलब्ध नहीं है।

## अधीक्षक का घेराव किया तो आउटसोर्सिंग कर्मों को मिला बोनस

**धनबाद।** धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आउटसोर्सिंग कर्मियों ने बुधवार को की सुबह बोनस के लिए अधीक्षक का घेराव किया तो शाम को बोनस की राशि आ गई। दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ ज पर भी बोनस न मिलने से नाराज कर्मियों ने सुबह अस्पताल के अधीक्षक डॉ डीके गिन्दौड़िया का ओपीडी के मुख्य द्वार पर घेराव किया। इस दौरान अस्पताल प्रबंधन और एजेंसी के खिलाफ नारे भी लगाए गए। कर्मियों के आक्रोश पर अस्पताल प्रशासन और आउटसोर्सिंग एजेंसी को झुकना पड़ा। इस घटना के बाद शाम होते-होते कर्मियों के खातों में बोनस की राशि पहुंच गई। कर्मचारियों का कहना था कि आउटसोर्सिंग एजेंसी हर महीने उनके वेतन से 10 प्रतिशत राशि बोनस के नाम पर काटती है। एजेंसी ने दुर्गा पूजा से पहले बोनस भुगतान का वादा किया था। लेकिन त्योहार बीत जाने के बाद भी पैसा नहीं दिया गया। बुधवार के घेराव के बाद प्रबंधन और एजेंसी ने बोनस देने की शुरुआत की।

## जीजा ने साले की हत्या कर नहर में डाला शव, दो दिन बाद बरामद

**पलामू ।** जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र में एक जीजा ने अपने चचेरे साले की हत्या कर उसका शव नहर में फेंक दिया। बुधवार को किशोर का शव थाना क्षेत्र के मानसोती गांव के बीएसएनल टावर के समीप नहर से बरामद किया गया। किशोर सोमवार से लापता था। इस संबंध में मंगलवार को सतबरवा थाना में अपहरण का मामला दर्ज कराया गया था। शव मिलने के बाद परिजन और ग्रामीणों ने थाना के सामने हंगामा किया और कुछ देर तक एनएच को जाम भी रखा। पुलिस के समझाने के बाद सभी शांत हुए। जानकारी के अनुसार पोंची पंचायत के गउरा गांव के बाली यादव का पुत्र पंकज यादव (14) सोमवार को छठ पूजा में शामिल होने के लिए परिवार के साथ गांव के छठ घाट पर गया था। इसके बाद से वह लापता हो गया था। उसकी खोजबीन की जा रही थी, लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चल पा रहा था। छठ घाट से पंकज के चचेरे जीजा पांकी थाना क्षेत्र के तितलांगी गांव के रमेश यादव के साथ निकला था। दो वर्ष पूर्व बाली यादव के भाई अर्जुन यादव की पुत्री का विवाह रमेश यादव के साथ हुआ था, लेकिन रमेश अपनी पत्नी को नहीं रखना चाहता था।

## पूरी ताकत के साथ कांग्रेस लड़ेगी नगर निकाय चुनाव :अजय दुबे




**धनबाद।** कांग्रेस पूरी ताकत से नगर निकाय चुनाव लड़ेगी। मेयर से लेकर पार्षद तक के लिए प्रत्याशी खड़ा करेगी। पार्टी के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं को नगर निकाय चुनाव के उम्मीदवारी में प्राथमिकता मिलेगी। संगठन स्तर पर उम्मेदवारों को पूरा सहयोग मिलेगा। उक्त बातें धनबाद कांग्रेस नगर निकाय चुनाव के प्रभारी अजय दुबे ने बुधवार को कही। इसकी बानगी बना था हाउसिंग कॉलोनी स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय। अध्यक्षता संतोष कुमार सिंह ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष सह धनबाद नगर निगम के प्रभारी अजय कुमार दुबे उपस्थित थे। अजय दुबे ने कहा कि जमीनी कार्यकर्ता ही संगठन के शक्ति का मुख्य आधार हैं। वार्ड स्तर पर मजबूती से संगठन अपना काम कर रही हैं इसमें ओर अधिक मजबूती प्रदान करनी होगी । वार्ड अध्यक्ष अपने अपने वार्ड में अपनी सक्रियता ओर तेज करे जिससे बूथ स्तर पर कांग्रेस और आम लोगों में उत्साह बढ़े । जनमानस की समस्याओं का समाधान वार्ड क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता ही कर सकते हैं। इसलिए कांग्रेस के सभी साथियों के साथ संगठन पूरी शक्ति के साथ खड़ी रहेगी। नगर निगम क्षेत्र में आने वाले दिनों में होने वाले नगर निगम चुनाव में कांग्रेस अपने कार्यकर्ताओं के बल पर बहुत अच्छा प्रदर्शन करेगी और इस बार के नगर निगम के होने वाले चुनाव में कांग्रेस की जीत सुनिश्चित है । उन्होंने कहा कि कार्यक्रमों में शिथिलता बरतने वाले पाधिकारियों की जगह संगठन के प्रति समर्पित कार्यकर्ताओं ज़मिदारी दी जाएगी ।

## सीएमपीडीआई ने टाटा कैंसर केयर फाउंडेशन के साथ एक एमओए किया



**रांची ।** सीएमपीडीआई ने निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत मुम्बई स्थित टाटा कैंसर केयर फाउंडेशन (टीसीसीएफ) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किया। इस एमओए का उद्देश्य ''रांची कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र (आरसीएचआरसी), रांची में सामाजिक एवं आर्थिक रूप से वंचितों को सहायता प्रदान करना है। इस परियोजना के माध्यम से कैंसर के उपचार में विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवा को झारखंड राज्य के ग्रामीण और आर्थिक रूप से निचले एवं कमजोर तबके के लिए सस्ता और सुलभ बनाना है। सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक (सीएसआर/नोडल अधिकारी) संदीप कुमार भगत और टीसीसीएफ के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ)कुमार नंदुला के बीच समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया। इस सीएसआर परियोजना से झारखंड के कम से कम 2900 लाभार्थियों के लाभान्वित होनी की उम्मीद है।

## आदिवासी युवाओं पर बर्बर लाठीचार्ज के विरोध में भाजपा का बंद सफलः बाबूलाल

संताल एक्सप्रेस



**रांची।** चाईबासा में एनएच-220 पर आदिवासी युवाओं पर पुलिस की ओर से किए गए बर्बर लाठीचार्ज के विरोध में भारतीय जनता पार्टी की झारखंड इकाई ने हेमंत सरकार की दमनकारी नीतियों के ख़िलाफ़ पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां में सफल बंद का आयोजन किया। भाजपा नेताओं ने इस घटना को झारखंड की लोकतांत्रिक परंपराओं पर हमला करार देते हुए इसे आदिवासी समाज की आवाज़ को कुचलने का प्रयास बताया।मरांडी ने बुधवार को कहा कि हेमंत सरकार अब जनता की आवाज़ से डरने लगी है। उन्होंने कहा जो सरकार अपने ही राज्य के आदिवासी युवाओं पर लाठी चलवाती है, वह जनता के विश्वास को खो चुकी है। चाईबासा में शांतिपूर्ण धरने पर बैठे लोगों पर रात के अंधेरे में पुलिसिया अत्याचार इस बात का प्रमाण है कि झारखंड में लोकतंत्र नहीं,तानाशाही चल रही है। भाजपा आदिवासी समाज के साथ है और इस अन्याय के ख़िलाफ़ सड़कों से विधानसभा तक आवाज़ बुलंद करेगी। **बंद में आम जनता का मिला भरपूर समर्थन : आदित्य साहू** भाजपा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि यह बंद पूरी तरह से सफल रहा और इसे जनता का व्यापक समर्थन मिला। उन्होंने कहा लोकतंत्र में शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन जनता का संवैधानिक अधिकार है, लेकिन हेमंत सरकार हर विरोधी आवाज़ को लाठी और गोली से दबाना चाहती है। चाईबासा बाईपास पर भारी वाहनों की वजह से पिछले एक वर्ष में 154 लोगों की मौत हो चुकी है, और जनता केवल सुरक्षा की मांग कर रही थी। सरकार की संवेदनहीनता ने आज आदिवासियों को अपने ही राज्य में असुरक्षित महसूस करने पर मजबूर कर दिया है।**यह घटना हेमंत सरकार की जनविरोधी मानसिकता का परिचायक है- चंपाई सोरेन** पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा की आदिवासी समाज की नो-एंट्री जैसी जनहित मांग पर गोलियां और लाठियां चलवाना हेमंत सरकार की बर्बरता को दर्शाता है।

## जमीन विवाद में खूनी झड़प, 20 लोग घायल

**धनबाद ।** गिरिडीह के बिरनी प्रखंड स्थित जनता जिरीडीह गांव के करीब 20 घायल लोग बुधवार को गंभीर हालत में धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एन्ड अस्पताल (एसएनएमएमसीएच) लाए गए। जहां उनका इलाज किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि सभी घायल जमीन विवाद हुए खूनी झड़प में घायल हुए हैं। इलाज कराने एसएनएमएमसीएच पहुंचे बिरनी प्रखंड निवासी घायल श्रीकांत वर्मा ने बताया कि उनकी जमीन जिसे वे अपने पूर्वजों के समय से जोत रहे हैं, उसे उनके रिश्तेदार यादव समाज की मदद से छीनना चाहते हैं। इसी को लेकर बुधवार को जब ये लोग अपने खेत पर धान की कटाई कर रहे थे, तभी इनके रिशतेदारों ने करीब 100 लोगों की मदद से उनपर तलवार और कुल्हाड़ी से हमला बोल दिया। इससे करीब 20 लोग बुरी तरह घायल हो गए। इन्हें बेहतर इलाज के लिए धनबाद के एसएनएमएमसीएच रेफर किया गया है। उन्होंने बताया कि उनके पूर्वजों ने उनके कुछ रिशेतेदारो को यहां लाकर बसाया था, जो अब उनके दुश्मन बन बैठे हैं। उन्होंने बताया कि उनके पास उनकी जमीन के पूरे कागजात हैं। बावजूद इसके वे लोग ताकत के दम पर इनसे जमीन छीनना चाहते हैं। इन्होंने बताया कि इसे लेकर वे प्रखंड कार्यालय से लेकर स्थानीय थाना और उपायुक्त से भी गुहार लगा चुके हैं। इसके बावजूद जमीन विवाद समाप्त नहीं हो सका है।


## महाविद्यालय एवं अस्पताल में सुविधाओं का होगा विस्तार:डीसी

**धनबाद।** शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल (एसएनएमएमसीएच) में सुविधाओं का विस्तार होगा। हर तरह की बीमारियों के उपचार की व्यवस्था होगी। मरीजों को बेहतर सुविधाएं दी जायेगी। मरीजों के एटेंडेंट को भी सुविधाएं दी जाएंगी। अस्पताल के भवन भी बनेंगे। आधारभूत संरचनाओं का विकास होगा। दवा और नई मशीनों की भी खरीद होगी। अन्य सुविधाओं का भी विस्तार होगा। इसके लिए हर संभव प्रयास होगा। उक्त बातें डीसी आदित्य रंजन ने बुधवार को बैठक में कही। समाहरणालय में शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, धनबाद की स्वास्थ्य सुविधा दुरुस्त करने को लेकर बैठक की गई। बैठक में अस्पताल परिसर में बुनियादी ढाँचे के सुदृढ़ीकरण, मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण हेतु विभिन्न कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई। डीसी ने बताया कि इस कार्य का मुख्य उद्देश्य अस्पताल परिसर को अधिक सुदृढ़, सुरक्षित एवं आधुनिक बनाना है ताकि रोगियों एवं चिकित्सा कर्मियों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा सकें।

## चक्रवाती तूफान मेंथा का धनबाद में दिखा असर

**धनबाद।** चक्रवाती तूफान मोंथा का असर धनबाद में दिखना शुरू हो गया है। मंगलवार की रात से शुरू हुई बारिश बुधवार भी जारी रही। बारिश सुबह से शाम तक रुक-रुककर होती रही। वही कुछ इलाके में जलजमाव हुआ। बारिश के कारण कारोबार पर भी असर पड़ा। छठ के बाद पहले से ही कारोबारी गतिविधियां धीमी थी। बारिश ने इसकी गति और कम कर दी। बारिश के कारण ठंड का असर भी दिखने लगा है। शाम होते ही ठंड का एहसास होने लगा है।बंगाल की खाड़ी से उठे चक्रवाती तूफान के चलते मौसम में अचानक हुए बदलाव ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बादल छाने के साथ लगातार बारिश होने से धन की फसल को नुकसान हो सकता है।कृषि पदाधिकारी अभिषेक मिश्रा ने बताया कि अभी तक किसानों के फसल की क्षति की सूचना नही मिली है। उन्होनें यह भी कहा कि किसान कुछ दिन रूक कर खेतों में कटाई करें। अगर किसी किसान के फसल को नुकसान होता है तो फसल बीमा से संबंधित बेवसाइट पर 24 घंटे के अंदर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। वही इस बार धनबाद में 35 हजार हेक्टेयर में धान की फसल हुई है।

## सीसीएल मुख्यालय में आयोजित हुई साइबर सुरक्षा क्विज प्रतियोगिता



**रांची ।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड ने राष्ट्रीय स्तर पर चलाए जा रहे साइबर जागृत भारत अभियान के अंतर्गत, अक्टूबर 2025 को राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के अवसर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य कर्मचारियों में साइबर हाइजीन और सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार को प्रोत्साहित करना था। इन सभी गतिविधियों का समन्वय सीसीएल के सिस्टम्स विभाग द्वारा किया गया। इस पहल के तहत 29 अक्टूबर, 2025 को सीसीएल मुख्यालय और विभिन्न कमांड क्षेत्रों में साइबर सुरक्षा जागरूकता क्विज़ प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और साइबर सुरक्षा से जुड़े विषयों पर अपनी समझ का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके अलावा, 30 अक्टूबर, 2025 को सीसीएल मुख्यालय में कर्मचारियों के लिए साइबर सुरक्षा जागरूकता पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी।

## अनाज गोदाम में भीषण आग



**सरायकेला।** सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित अनाज गोदाम में बुधवार तड़के अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। भीषण आग की चपेट में आने से गोदाम प्रबंधक अभिषेक हाजरा बुरी तरह झुलस गए। उन्हें गंभीर हालत में टाटा मुख्य अस्पताल (टीएमएच) में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक गोदाम में रखा सारा अनाज जलकर खाक हो गया। प्रारंभिक जांच में आगजनी की घटना संदिग्ध लग रही है, क्योंकि गोदाम की छत का चादर टूटा हुआ पाया गया और अंदर से एक लाइटर बरामद हुआ है।

# बेहतर कार्य करने वाली महिला पर्यवेक्षक होंगी सम्मानित : डीसी

संताल एक्सप्रेस

**गोड्डा ।** समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अंजली यादव की अध्यक्षता में सेविका, सहायिका के रिक्त पदों पर चयन हेतु किए जा रहे आमसभा की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में उपायुक्त के द्वारा प्रखंडवार सभी सीडीपीओ से सेविका, सहायिका चयन हेतु किए जा रहे आम सभा एवं किन-किन स्थानों पर आमसभा से संबंधित समस्याएं आ रही है, उनकी जानकारी प्राप्त कर आमसभा के कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कर सभी दस्तावेजों को मुख्यालय प्रेषित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उपायुक्त ने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में महिला पर्यवेक्षक के द्वारा किए जा रहे ई-केवाईसी, एफआरसी, आधार अपडेशन कार्य की समीक्षा कर कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। इस दौरान उनके द्वारा जिन महिला पर्यवेक्षक के द्वारा ई-केवाईसी, एफआरएस, आधार अपडेशन के



कार्य की प्रगति में धीमी पाई गई वहां के संबंधित सीडीपीओ को उनके कार्य की प्रगति का मॉनिटरिंग कर स्वयं भी सीडीपीओ को रेंडम सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया। तथा जिस महिला पर्यवेक्षक का कार्य काफी अच्छी पाई गई उनके कार्यों की सराहना करते हुए उपायुक्त ने झारखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर उन्हें सम्मानित करने की बात कही। इस दौरान उप विकास आयुक्त दीपक कुमार दूबे, अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी महागामा आलोक वरण केसरी, संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी सीडीपीओ, सभी महिला पर्यवेक्षक मौजूद रहे।

## खराब मौसम के कारण गौशाला मेले के कार्यक्रम में बदलाव

**जामताड़ा।** बुधवार से प्रारंभ होने वाले श्रीकृष्ण गौशाला मेला के कार्यक्रम में मौसम संबंधी चेतावनी को देखते हुए परिवर्तन किया गया है। श्रीकृष्ण गौशाला जामताड़ा की प्रबंधन समिति ने जानकारी दी कि प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों और सुरक्षा के मद्देनज़र मेला की तैयारियों में आवश्यक बदलाव किए गए हैं। समिति ने बताया कि मेला अब 3 नवंबर और 4 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। गौशाला प्रबंधन ने कहा कि श्रद्धालुओं और आगंतुकों की सुविधा तथा सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यह निर्णय लिया गया है। मेला स्थल पर व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है, ताकि भक्तगण बिना किसी असुविधा के धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग ले सकें। समिति ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे नई तिथि के अनुसार अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर गौसेवा और धर्मकार्य में सहभागिता निभाएं।

## अनिल कुमार गुप्ता ने संभाली चिरेका की कमान



**चित्तरंजन।** चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना (चिरेका) को नया नेतृत्व प्राप्त हुआ है। भारतीय रेल के बेला स्थित रेल पहिया कारखाना के प्रधान मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अनिल कुमार गुप्ता ने बुधवार को चिरेका के नए महाप्रबंधक के रूप में अतिरिक्त पदभार ग्रहण किया। भारतीय रेलवे यांत्रिक इंजीनियरिंग सेवा 1988 बैच के अधिकारी अनिल कुमार गुप्ता का रेल सेवा में लंबा और गौरवपूर्ण अनुभव रहा है। उन्होंने अपने करियर के दौरान रेलवे के कई अहम पदों पर कार्य करते हुए प्रबंधन, तकनीकी सुधार और प्रशासनिक पारदर्शिता को नई दिशा दी। पदभार ग्रहण करने से पहले वे उत्तर पश्चिम रेलवे में वरिष्ठ उप महाप्रबंधक के रूप में कार्यरत थे, जहां उनके नेतृत्व में कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं सफल रहीं। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने देशबंधु चित्तरंजन दास की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और अधिकारियों संग बैठक कर संस्थान के विकास, उत्पादन क्षमता व नवाचार को बढ़ाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि चिरेका भारतीय रेल की शान है और इसके उज्जवल भविष्य के लिए हर कर्मचारी की भूमिका अहम है।

## एशिया मास्टर्स एथलेटिक चैंपियनशिप में प्रतिनिधित्व करेंगे पवन सिंह



**गोड्डा ।** जिले के लिए यह गर्व की बात है कि यहां के एथलीट पवन सिंह अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का प्रतिनिधित्व करने जा रहे हैं। पवन सिंह शॉट पुट (गोला फेंक) स्पर्धा में भारत की ओर से 23वीं एशिया मास्टर्स एथलेटिक चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे, जो 5 से 9 नवंबर तक चेन्नई में आयोजित की जाएगी। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में 25 से अधिक एशियाई देशों के खिलाड़ी भाग लेने वाले हैं, जहां पवन सिंह का लक्ष्य भारत के लिए पदक जीतना और गोड्डा का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रौशन करना है। एथलेटिक खेलों में लंबे समय से सक्रिय पवन सिंह ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन से स्थानीय स्तर पर कई प्रतियोगिताएं जीती है और अब अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचकर जिले के युवाओं के लिए प्रेरणा बन गए हैं। स्थानीय खेल प्रेमियों और गोड्डा वासियों में इस उपलब्धि को लेकर गजब का उत्साह है। गोड्डा से उठी यह प्रतिभा अब एशिया के मंच पर झंडा बुलंद करने को तैयार है।

## बिजली मामले को लेकर विशेष लोक अदालत 29 नंबर को

**गोड्डा ।** बिजली से संबंधित विवादों के समाधान को लेकर व्यवहार न्यायालय परिसर में 29 नवंबर को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसकी सफलता को लेकर शनिवार एक नवंबर को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में बिजली विभाग के आफिसियल व पैनल अधिवक्ताओं के साथ बैठक का आयोजन किया गया है। वहीं ग्रामीण स्तर पर जन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव दीपक कुमार ने बताया कि झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 29 नवंबर को बिजली मामले को लेकर विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जबकि इसके सफल संचालन को लेकर एक नवंबर को विशेष बैठक होगी। इस विशेष लोक अदालत का उद्देश्य आपसी समझौते को बढ़ावा देने सहित लंबित मुकदमे को कम करना है। इस लोक अदालत में अधिक से अधिक मामले का निष्पादन किया जाएगा।

## पूर्व बीडीओ के निधन पर शोक सभा

**महागामा।** प्रतिनिधि (गोड्डा) बीते दिनों जामताड़ा में वर्तमान में पदस्थापित जिला परिवहन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी (सदर) प्रवीण चौधरी के असामयिक निधन का समाचार मिलते ही पूरे प्रशासनिक क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन पर महागामा अंचल कार्यालय परिसर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। अंचलाधिकारी डॉ. खगेन महतो एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी सोनाराम हंसदा के नेतृत्व में सभी कर्मियों ने दिवंगत अधिकारी को श्रद्धांजलि अर्पित की और दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने कहा कि प्रवीण चौधरी एक कर्मठ, ईमानदार और जनसेवा के प्रति समर्पित अधिकारी थे। महागामा में प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में अपनी सेवा के दौरान उन्होंने प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, अनुशासन और जनता के प्रति समर्पण की मिसाल पेश की थी।

## दो दिवसीय आयुष स्वास्थ्य शिविर शुरू



**पथरगामा ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित साप्ताहिक हाट के समीप नंदीश्वर नाथ शिव मंदिर के प्रांगण में बुधवार को दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय मैस्क्युलोसकेलेटल आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किय गया। स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ सामाजिक कार्यकर्ता श्याम लाल केडिया के द्वारा फीता काटकर किया गया। जिला आयुष समिति के तत्वाधान में आयुष चिकित्सक डॉ संजीव कुमार और डॉ दीप्ति कुमारी तथा योग प्रशिक्षक चंद्रगुप्त कुमार के अगुवाई में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ0 द्वारा गठिया, स्नायु रोग, अर्थरइटिस, जिर्ण हड्डी रोग के साथ साथ रक्त चाप, रक्त शार्करा का मुफ्त जाँच कर आयुष पद्धति द्वारा इलाज किया गया। आज के शिविर में कुल 85 रोगियों की जाँच की गई।

## देवनंदन ने बालक को रक्तदान कर बचाई जान

**गोड्डा ।** सदर अस्पताल में इलाज करवा रहे दस वर्षीय पहाड़िया बालक राम पहाड़िया को एबी पॉजिटिव ग्रुप के रक्त की सख्त जरूरत थी। संबंधित ग्रुप का रक्त ना तो समय पर सदर अस्पताल स्थित ब्लड सेंटर में और ना ही प्राइवेट ब्लड बैंक में उपलब्ध था। ऐसी कठिन परिस्थिति में ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल के निदेशक समीर कुमार दुबे के मैराथन प्रयास से बुधवार शाम शिक्षक देवनंदन जी रक्तदान को आगे आए और स्थानीय गोड्डा प्राइवेट हॉस्पिटल स्थित ब्लड सेंटर के निदेशक मो. वाजिद अंसारी के सहयोग से बच्चे को एक यूनिट ब्लड उपलब्ध करवाया गया। सामाजिक कार्यकर्ता सुरजीत झा ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए ज्ञानस्थली एवं गोड्डा प्राइवेट हॉस्पिटल के डायरेक्टर के इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए इसे अनुकरणीय बताया है।

## स्वच्छता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**महागामा (गोड्डा) ।** ईस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड राजमहल क्षेत्र के द्वारा विशेष अभियान 5.0 के तहत स्वच्छता अभियान 2025 का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य कोयला क्षेत्र एवं आसपास के इलाकों में साफ-सफाई और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना है। अभियान के तहत बुधवार को ऊर्जानगर स्थित राजेंद्र स्टेडियम के पास कॉम्प्लेक्स परिसर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान ईसीएल कर्मियों द्वारा स्वच्छता ही सेवा÷ का संदेश देते हुए लोगों को अपने आस-पास सफाई बनाए रखने, पेड़ लगाने




और कचरे का सही तरीके से निस्तारण करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया। जिसमें कलाकारों ने स्वच्छता का महत्व और गंदगी से होने वाले नुकसान को प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया। स्वच्छ इंडिया ग्रीन इंडिया के नारे के साथ ईसीएल के कर्मियों ने जागरूकता रैली भी निकाली और प्रचार वाहन के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। ईसीएल कर्मियों ने बताया कि यह विशेष अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ÷स्वच्छ भारत मिशन÷ से प्रेरित है। इसका लक्ष्य राजमहल क्षेत्र को स्वच्छ, हरित और स्वास्थ्यप्रद बनाना है। कंपनी अपने सामाजिक दायित्व के तहत इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ा रही है।

## विधिक जागरूकता शिविर आयोजित



**फतेहपुर (जामताड़ा)।** झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार जामताड़ा के तत्वावधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष राधा कृष्ण एवं सचिव पवन कुमार के निर्देश पर फतेहपुर प्रखंड के अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बामनबांधी में बाल विवाह, नशा मुक्ति रोकथाम के लिए विशेष जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। जिसमें प्राधिकार के पीएलभी सह अधिकार मित्र मुकेश के कुमार मंडल और साधन मंडल के द्वारा वर्ग में उपस्थित छात्र एवं छात्राओं को बाल विवाह उन्मूलन से संबंधित जागरूक करते हुए जानकारी दिया गया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के तहत बाल विवाह कानूनी रूप से अपराध है एवं इस अधिनियम के तहत इसमें शामिल लोगों को सज़ा के साथ साथ जुर्माना का भी प्रावधान है। बाल विवाह से बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास पर बुरा असर पड़ता है। लड़कियों की न्यूनतम विवाह उम्र 18 वर्ष एवं लड़कों के लिए 21 वर्ष तय है इससे पहले दोनों या किसी एक का उम्र कम होने पर बाल विवाह माना जाता है। बाल विवाह के कई दुष्परिणाम भी है। बाल विवाह से गर्भावस्था और प्रसव से जटिलताएं बढ़ती है जिससे शिशु मृत्यु दर और प्रजनन स्वास्थ्य समस्याएं भी सामने आती हैं। शिविर में अपील किया गया कि बाल विवाह रोकथाम हेतु सामुहिक रूप से कौशिश करें। साथ ही नजदीकी पुलिस थाना, बाल कल्याण समिति या जिला विधिक सेवा प्राधिकार जामताड़ा को इसकी सूचित करने संबंधी जानकारी दिया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार जामताड़ा द्वारा निःशुल्क कानूनी सहायता के बारे में जानकारी दिया गया और साथ ही साथ राज्य में चल रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई और शिविर में चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 एवं नालसा के निशुल्क हेल्पलाइन नंबर 15100 की जानकारी साझा किया गया तथा साथ ही नशा न करने की सलाह दी और इससे होनेवाली दुष्प्रभाभ और हानि के बारे में भी जानकारी दी गई। और नशा से हो रही सामाजिक कुरीतियों को भी छात्रों को बताया। छात्रों को नशा मुक्त जीवन जीने की बात कही गई। वर्ग में मुख्य रूप से प्रधान शिक्षक एवं अन्य शिक्षक गण आदि उपस्थित रहे ।

## सड़क दुर्घटना में एक युवक घायल

**महागमा (गोड्डा) ।** बलबड्डा महगामा मुख्य मार्ग पर बुधवार को सड़क दुर्घटना में एक युवक बुरी तरह से घायल हो गया। वहीं घायल की पहचान दिलीप रविदास के 19 वर्ष पुत्र विकास कुमार के रूप में हुई। घटना के संबंध में घायल विकास कुमार ने बताया कि कहलगांव से छठ पर्व माना कर महागामा अपने घर आ रहा था। उसी दौरान बलबड्डा के समीप मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गया। स्थानीय लोगों की मदद से महागमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सह रेफरल अस्पताल पहुंचा गया। जहां मौजूद डॉक्टर अभिषेक सानू ने घायल का प्राथमिक उपचार के बाद घायल को घर भेज दिया।

## दो बच्ची सड़क दुर्घटना में घायल

**साहिबगंज ।** बोरियों -बोआरीजोर मुख्य पथ पर तेज रफ्तार मोटरसाइकिल चालक ने स्कूली बच्ची को टक्कर मार दिया.टक्कर लगने से दो बच्ची घायल हो गई. जानकारी के अनुसार बोरियों के बीचपुरा गांव के चार बच्चे सुबह 8 बजे ट्यूशन पढ़ कर साइकिल से अपने घर जा रहा था. इसी दौरान बोरियो से बोआरीजोर की तरफ जा रहे तेज रफ्तार से आ रही मोटर साइकिल चालक ने पीछे से टक्कर मार दिया.हुई घटना में 14 वर्षीय राधा रानी व 14 वर्षीय अंजलि कुमारी घायल हो गई.दोनो बच्ची का इलाज बोरियो सीएचसी में मौजूद डॉ. पंकज गुप्ता के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया.

## खुलेआम बिकती है देशी शराब, स्थानीय लोगों में बढ़ा आक्रोश



**बसंतराय ।** प्रखंड थाना क्षेत्र के गोड्डा मुख्य मार्ग पर स्थित पकड़िया मोड़ इन दिनों शराबियों का अड्डा बन गया है। जैसे ही शाम के चार बजते हैं, यहां का माहौल अचानक बदल जाता है। सड़क किनारे देसी शराब विक्रेता सक्रिय हो जाते हैं और कुछ ही देर में नशे में धुत लोगों की भीड़ मोड़ पर दिखाई देने लगती है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, यह जगह अब अवैध शराब कारोबार का केंद्र बन चुकी है। शाम ढलते ही देसी शराब की बिक्री जोरों पर होती है, और नशे में चूर युवक गाली-गलौज, झगड़ा और राहगीरों से बदसलूकी करते नजर आते हैं। कई बार तो शराबियों के आपसी विवाद हाथापाई और मारपीट तक पहुंच जाते हैं, जिससे आम राहगीरों में डर का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि इस मोड़ से रोजाना सैकड़ों लोग आवाजाही करते हैं। ऐसे में शराबियों की हरकतों के कारण महिलाओं और ख़ास कर युवतियों को गुजरना मुश्किल हो गया है। एक ग्रामीण ने बताया, ÷हर शाम पकड़िया मोड़ पर शराब बिकती है। पुलिस गश्त तो कभी-कभी दिखती है, लेकिन कार्रवाई नहीं होती। इलाके के युवा नशे की गिरफ्त में जा रहे हैं और माहौल दिन बदिन बिगड़ता जा रहा है।

## कोटालपोखर बाजार का पुलिया का होगा चौड़ीकरण

**संताल एक्सप्रेस बरहरवा ।** पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक निसात आलम एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस महासचिव तनवीर आलम के संयुक्त प्रयास से कोटालपोखर बाजार स्थित छोटे पुलिया का चौड़ीकरण एवं मरम्मती कार्य शुरू हो गया है.एनएच-133ए पर स्थित यह पुलिया बरहरवा प्रखंड के शांति मोड़ और गनी चौक के बीच स्थित है. जिसकी चौड़ाई मात्र चार मीटर होने के कारण यहां अक्सर सड़क दुर्घटनाएं होती रहती थीं.स्थानीय लोगों की लगातार मांग और विधायक निसात आलम के हस्तक्षेप के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग ने पुलिया के चौड़ीकरण की स्वीकृति दी. विभाग की ओर से टेंडर प्रक्रिया पूरी कर अब सफाई कार्य किया जा रहा. विभाग के कनिष्ठ अभियंता देव कुमार सोरेन ने बताया कि पुलिया को दोनों ओर से तीन-तीन मीटर अतिरिक्त चौड़ा किया जा रहा है. जिससे दो वाहन अब आसानी से एक साथ गुजर सकेंगे और दुर्घटना की संभावना समाप्त हो जाएंगी.

## 89 छात्र-छात्राओं को मिली नई साइकिल



**संताल एक्सप्रेस बरहरवा ।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना उन्नति का पहिया के तहत् बुधवार को नगर पंचायत क्षेत्र स्थित नागेश्वरी देवी कन्या उच्च विद्यालय बरहरवा में वर्ग अष्टम के विद्यार्थियों के बीच साइकिल का वितरण किया गया.बीडब्लूओ गौतम कुमार ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 में वर्ग अष्टम में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को साइकिल दी जा रही है. ताकि उन्हें विद्यालय आने-जाने में किसी प्रकार की परेशानी न हो.बुधवार को उत्क्रमित उच्च विद्यालय काजोल हरिजन टोला के 42 छात्रों व 47 छात्राओं सहित कुल 89 विद्यार्थियों को साइकिल प्रदान की गई. उन्होंने बताया कि इस वर्ष प्रखंड क्षेत्र के लगभग सभी विद्यालयों में साइकिल वितरण का कार्य पूरा कर लिया गया है तथा जो बच्चे वंचित रह गए हैं. उन्हें भी शीघ्र साइकिल उपलब्ध कराई जाएगी.मौके पर दिलदार हुसैन, मोहम्मद फजलुर रहमान सहित कई शिक्षक एवं विद्यालय कर्मी उपस्थित थे.

## डीटीओ प्रवीण चौधरी को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**जामताड़ा।** जिला परिवहन पदाधिकारी प्रवीण चौधरी के असामयिक निधन पर बुधवार को समाहरणालय सभागार जामताड़ा में जिला प्रशासन की ओर से शोक सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रवि आनंद ने की। इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उपायुक्त ने कहा कि स्व. चौधरी एक व्यवहार कुशल, कर्मठ और निष्ठावान अधिकारी थे, जिन्होंने अपने कार्यों से सदैव प्रशासन को नई दिशा दी। उनका निधन प्रशासनिक सेवा के साथ-साथ पूरे जिले के लिए अपूरणीय क्षति है। शोक सभा में पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता, उप विकास आयुक्त निरंजन कुमार, परियोजना निदेशक (आईटीडीए) जुगनू मिंज, अपर समाहर्ता पूनम कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार, सिविल सर्जन डॉ. आनंद मोहन सोरेन, उप निर्वाचन पदाधिकारी विजय कुमार, जिला पंचायत राज पदाधिकारी पंकज कुमार रवि, तथा जिला आपूर्ति पदाधिकारी कयूम अंसारी सहित समाहरणालय के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डीटीओ प्रवीण चौधरी का निधन पर शोक सभा का आयोजन



**कुंडहित (जामताड़ा )।** जिला परिवहन पदाधिकारी सह बीडीओ जामताड़ा प्रवीण चौधरी के आकस्मिक निधन पर बुधवार को कुंडहित प्रखंड सह अंचल में बीडीओ जमाले राजा की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रखंड सह अंचल कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। इस दौरान बीडीओ जमाले राजा ने कहा कि स्वर्गीय चौधरी एक कुशल व्यवहार, कर्मठ और निष्ठावान अधिकारी थे। उनका असामयिक निधन उनके परिजनों के साथ-साथ पूरे प्रशासनिक महकमे के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा दुख की इस घड़ी में हमसब शोक संतप्त परिवार के साथ खड़ा है। सभा के दौरान उपस्थित सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर चित्रपट पर पुष्पांजलि अर्पित की। उल्लेखनीय है कि जिला परिवहन पदाधिकारी सह जामताड़ा बीडीओ प्रवीण चौधरी लंबे समय से लीवर संबंधी गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। इलाज के दौरान 27 अक्टूबर की रात्रि में नई दिल्ली के एक अस्पताल में उनका निधन हो गया। मौके पर बीडीओ के अलावे प्रधान लिपिक एबरार अहमद,डीपीआरओ परमेश्वर रजक, बीपीओ विद्युत मुर्मू, चंचल दास सहित प्रखंड एवं अंचल के कर्मियों उपस्थित थें।

## बारिश ने धान की फसल को किया बर्बाद, किसान परेशान



**कुंडहित (जामताड़ा)।**मंगलवार की रात से अचानक मौसम बदलने के साथ क्षेत्र में बारिश शुरू हो गई। बारिश के कारण क्षेत्र में किसानों के खरीफ फसल पर असर देखने को मिल रहा है। किसानों के खेत में कटा हुआ धान फसन पानी से पुरी तरह भीग गया। कुछ किसान धन को ढ़कने की प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हो पाया। मगंलवार की रात से मोंथा चक्रवात तूफान का असर क्षेत्र में असर देखने को मिला। मंगलवार की रात अचानक बूंदाबांदी बारिश के साथ तेज हवाओं शुरू हुई जो रात भर बूंदाबांदी होते रहा। वहीं बुधवार की दोपहर अचानक झमाझम बारिश से किसानों के खेत में कटा हुआ धान पर काफी प्रभाव पड़ा। लगातार बारिश से खेत जलमग्न हो गए, जिससे खड़ी और कटी हुई दोनों तरह की फसलें डूब गईं और उनके सड़ने का खतरा बढ़ गया है। फसल का गिरना- तेज हवाओं के साथ बारिश होने से पकी हुई धान की बालियाँ ज़मीन पर गिर गईं, जिससे कटाई में मुश्किल हो सकती है और दाने मिट्टी के संपर्क में आने से अंकुरित होने का डर हैं। भीगे हुए धान की गुणवत्ता खराब हो रही है और दानों का रंग बदल रहा है, जिससे किसानों को उपज का कम दाम मिलने की आशंका है। क्या कहते हैं किसान - किसान भगीरथ गोराई, काल हांसदा, सनातन किस्कु आदि ने बताया बे मौसम में बारिश होने से हम किसानों को कमर तोड़ देता है । काली पूजा के बाद ऊपरी जमीन पर धान कटाई का काम शुरू हो गया है । जहां खेत एवं खलियान में कटा हुआ धन रखा हुआ है ।

## मां काली सेवा ट्रस्ट के पुनर्गठन को लेकर बैठक

**गोड्डा ।** मां काली सेवा ट्रस्ट सुस्ती महेशपुर के पुनर्गठन को लेकर बसंतराय प्रखंड के महेशपुर शिव मंदिर परिसर में ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी सह सेवानिवृत शिक्षक जयकृष्ण झा ने किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य मां काली सेवा ट्रस्ट, सुस्ती महेशपुर का पुनर्गठन एवं बीते वर्षों के कार्यों की समीक्षा की गई। तत्पश्चात आम सहमति से मणींद्र कुमार झा को अध्यक्ष, रौशन कुमार को सचिव, विभाकर झा को उपाध्यक्ष व कोषाध्यक्ष पद के लिए रत्नदीप राही का दोबारा चयन किया गया। उपस्थित ग्रामीणों ने ट्रस्ट के कार्यों की सराहना की। पूर्व की कमेटी पर भरोसा जताते हुए सहयोग का भरोसा दिया। सेवानिवृत प्रधानाध्यापक एवं प्रसिद्ध समाजसेवी दिलीप कुमार झा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस बैठक में जटाशंकर झा, रमन कांत झा, नीलेश कुमार झा, अजय मिश्र, आशीष मिश्रा, अजय कांत झा, सुभाष चंद्र झा, विभाष चंद्र झा, कुंदन, शिवम्, ओमेश, जयकृष्ण यादव आदि उपस्थित थे।

## श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या राम मंदिर के लिए रवाना

**करमाटांड़।** करमाटांड़ प्रखंड क्षेत्र के शकलपुर जेरुआ, हेडबंधा, पिपरासोल, कतरास, धनबाद सहित कई गांवों से दर्जनों श्रद्धालु बुधवार को अयोध्या राम मंदिर के लिए रवाना हुए। रामनगरी की इस पावन यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया। स्थानीय लोगों का मानना है कि एकादशी के दौरान सरयू स्नान करने से घर से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है, परिवार में धन-संपत्ति की वृद्धि होती है, विद्या की उन्नति होती है और शरीर निरोग रहता है। इसी आस्था के साथ श्रद्धालु इस धार्मिक यात्रा पर निकले हैं। यात्रा के दौरान भक्तजन अयोध्या राम मंदिर के साथ-साथ काशी विश्वनाथ, वृंदावन, गोकुलधाम, नंदगांव, जगन्नाथ पुरी, 14 कोसी समेत कई प्रमुख धार्मिक स्थलों और ज्योतिर्लिंगों का दर्शन करेंगे। लगभग 12 दिनों की यह यात्रा पूर्ण कर श्रद्धालु पुनः करमाटांड़ लौटेंगे। रवानगी के मौके पर श्रद्धालुओं में अपार उत्साह और भक्ति भाव देखने को मिला।

## अमेरिका के आईटी सेक्टर मे भारतीय प्रोफेशनल्स का बुरा हाल

अमेरिका का जॉब मार्केट इस समय अनोखे दौर से गुजर रहा है। ÷ग्रेट फ्रीज़ की यह स्थिति जिसमें कंपनियां ना तो कर्मचारियों को उचित वेतन दे रहें, न निकाल रही हैं और ना ही नए कर्मचारियों को रख रही हैं। इस असमंजस की स्थिति का असर बेहद गहरा है। खासकर आईटी सेक्टर के प्रोफेशनल्स उसमें भी सबसे ज्यादा भारतीयों को है। कोरोना महामारी के बाद जब टेक इंडस्ट्री में तेज़ी आई थी, तब लोगों को लगा था, कि आने वाले समय में अवसरों की बाढ़ आ जाएगी। लेकिन 2026 आते-आते तक हालात बड़ी तेजी से बदल गए हैं। अब अमेरिका की आईटी कंपनियां ÷वेट एंड वॉच÷ मोड में आ गई हैं। किसी भी नई भर्ती के निर्णय से पहले ग्लोबल अनिश्चितताओं और एआई से आने वाले खतरों से निपटने का इंतजार कर रही हैं। टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में यह परिवर्तन सबसे ज्यादा झटका दे रहा है। एआई के बढ़ते इस्तेमाल, ऑटोमेशन और बदलते बिजनेस मॉडल्स ने पारंपरिक आईटी की नौकरियों को जोखिम में डाल दिया है। कई कंपनियां मुनाफा कमा रही हैं। उसके बाद भी वह प्रोफेशनल को काम नहीं दे रही हैं। अपने हेडकाउंट को नहीं बढ़ा रही हैं। जिप रिक्रूटर की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका में जॉब छोड़ने वालों की संख्या 2023 के मुकाबले आधी रह गई है। कंपनियों के कर्मचारी अब अपनी नौकरी छोड़ने से डर रहे हैं। अमेरिका में इसको जॉब हगिंग कहा जा रहा है। नौकरी बचाए रखना ही अब कर्मचारियों की प्राथमिकता है। कर्मचारियों को कंपनियों में कोई ग्रोथ नहीं मिल रही है, इसके बाद भी वे टिके हुए हैं। भारतीय आईटी प्रोफेशनल्स के लिए यह स्थिति और मुश्किल भरी है। एच-1बी वीजा धारकों को अब नई नौकरियां नहीं मिल रही हैं। कंपनियां स्थानीय नागरिकों को प्राथमिकता दे रही हैं, ताकि वीजा प्रक्रिया की झंझट से बचा जा सके। वर्तमान स्थिति के परिणाम स्वरूप कई भारतीय विशेषज्ञों को या तो कम वेतन वाली नौकरियां करनी पड़ रही हैं, या ऐसी नौकरी करना पड़ रही हैं, जो उनके अनुरूप नहीं हैं। इस संकट से निपटने के लिए बड़ी संख्या में आईटी प्रोफेशनल्स एआई, मशीन लर्निंग या साइबर सिक्योरिटी जैसी नई तकनीकी का प्रशिक्षण लेकर अपनी स्किल्स बढ़ा रहे हैं।

अमेरिका में भारतीय प्रवासियों के लिए, यह समय ब्रेन रिवर्स गेन में बदलने का अवसर बन सकता है। अमेरिका से वापस लौटने की संभावना भी बढ़ती चली जा रही है। ऐसी स्थिति में भारत सरकार और इंडस्ट्री को मिलकर लौटने वाले कुशल आईटी विशेषज्ञों को अवसर देने के लिए नई योजना बनाना जरूरी हो गया है। इस अवसर का लाभ भारत टेक सेक्टर में अपने आपको मजबूत बना सकता है। अमेरिका में शटडाउन चल रहा है। यह दूसरा सबसे बड़ा शट डाउन माना जा रहा है। अमेरिका की सेना दान के भरोसे काम कर रही है। 8.5 लाख कर्मचारी बिना वेतन के काम कर रहे हैं। अमेरिका की सरकार को हर सप्ताह लगभग 13 लाख करोड़ रुपए का नुकसान उठाना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति पर अब अमेरिका के ऊपर ज्यादा भरोसा करना सबसे बड़ा कष्ट का कारण बन सकता है। अमेरिका सहित दुनिया के सभी देशों के आईटी सेक्टर में स्थिरता आएगी यह सोचना व्यर्थ है। जिस तरह से एआई का प्रभाव आईटी सेक्टर में बड़ी तेजी के साथ बढ़ रहा है उसके बाद इस सेक्टर में रोजगार की संभावनाएं देखना आंख बंद करके देखने जैसा है। जिस तरह से आर्थिक हालात दुनिया के सभी देशों में देखने को मिल रहे हैं, जिस तरह से एआई का प्रभाव बढ़ रहा है, रोजगार के अवसर बढ़ाने के स्थान पर कम होते चले जा रहे हैं। मानवीय श्रम का स्थान अब मशीन और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लेते जा रहे हैं। भविष्य में जिस तरह से आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन होते हुए दिख रहे हैं, उसमें लोगों को इस बदलाव के साथ जुड़ना जरूरी है। यदि बदलाव नहीं आया तो आने वाला समय विशेष रूप से प्रोफेशनल्स के लिए सबसे ज्यादा खराब समय साबित हो सकता है। तकनीकी के इस युग में अब तकनीकी के साथ कदम ताल करने के अलावा कोई विकल्प नहीं रह गया है। अमेरिका जैसे देश की जब यह हालत है तो आगे क्या होगा, इसे आसानी के साथ समझा जा सकता है।

## बिहार चुनाव में दावा,वादा और आरोप प्रत्यारोप के बीच बदलते समीकरण

**कांतिलाल मांडोत**

बिहार चुनाव सबसे अहम माना जा रहा है। विकास पुरुष नीतीश कुमार के विकास का आंकलन और बिहार में रोजगारपरक दृष्टिकोण और महिलाओ -युवाओ में सरकार के प्रति लगाव के परिणामस्वरूप सता की इस टर्म में भागीदारी सुनिश्चित होगी। चुनाव में सर्वाधिक दल बदलू,नोट खाऊ ,आँसू बहाऊ,विरोधियों की पटखनी के लिए हथियारों का जुगाड़, धार्मिक भावनाओं से भड़काऊ, जात बिरादरी आदि का इस्तेमाल अक्सर देखने को मिल रहा है।यह चुनावी गिरगिट का तमाशा है।बिहार में हम सभी को देखने मिल रहा है। राजनैतिक पार्टिया,विचारधाराओं से पिछले 70 सालों से सत्ता पलटने का प्रयास होता आ रहा है।जोड़ तोड़,दलबदल और गठबंधन की सरकारे उखाड़ने का कार्य किया है।देश मे यही होता आ रहा है।गृहमंत्री अमित शाह ने खगड़िया और मुंगेर में सभा में कहा कि बिहार जंगलराज से मुक्त रहे,बहु बेटिया सुरक्षित रहे।उन्होंने कहा कि मैं छठ मैया से यही प्रार्थना करता हूंकि बिहार में शांति स्थापित हो।बिहार में समीकरण और हालात में अमूलचूल परिवर्तन देखने को मिल रहा है।बिहार चुनाव में आरोप-प्रत्यारोप के इस दौर में सभा हो रही है।गृहमंत्री ने तंज कसते हुए कहा कि चुनाव किसी को मंत्री या विधायक बनाने के लिए नही है।देखना यह है कि बिहार विकास के मार्ग पर है और फिर से जंगलराज लाना है या विकास चाहिए?गृहमंत्री ने कहा कि मैंने लालू के बड़े पुत्र तेजस्वी के बयान सुने, वो कह रहा था कि बिहार में हत्या, लूटऔर डकैती होती है।

उन्होंने कहा कि बिहार में पिछले बीस साल में एक भी जघन्य नरसंहार नही हुआ है।इनके शासन में लूट,हत्या और डकैती रोजमर्रा बन गई थी।गृहमंत्री ने तंज कसते हुए कहा कि महागठबंधन और लठबंधन बिहार का विकास कर सकते है?नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार ही राज्य का विकास कर सकते है,जिन पर भ्रष्टाचार का आरोप नही है।खगड़िया में तेजस्वी ने सतारूढ़ पर तंज कसते हुए कहा कि नीतीश कुमार सरकार चलाने लायक नही है।आप तय करे किबाहरी सरकार चलाएंगे या बिहारी। उन्होंने नीतीश को ही निशाने पर लेते हुए कहा कि हमारे कहने पर पेंशन बढ़ाई है।तेजप्रताप और तेजस्वी के बीच विवाद की दीवार है।तेजप्रताप कहते है कि मैं आरजेडी में जाने से पहले मौत पसंद करूंगा।उन्होंने नई पार्टी बनाई है।इस वक्त बिहार में चुनाव प्रचार जोरो पर है।एक दूसरे दल आरोप -प्रत्यारोप के बीच झूलते नजर आ रहे है।पार्टियां वोट प्राप्त करने के लिए गिरगिट की तरह रंग बदलती नजर आ रही है।तेजस्वी नरेंद्र मोदी और अमित शाह सहित भाजपा नेताओं को बाहरी बताकर जहर उगलते नजर आ रहे है।बिहार की जनता के जंगलराज के घाव आज दिन तक भरे नही है।बिहार में दलित,पिछड़ा,राजपूत,ब्राह्मण वोटो के समीकरण के नाम पर चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस,आरजेडी या अन्य दल छोटे मोटे दलों के घिसे पिटे नेताओ को भी पार्टी में शामिल कर चुनावी टिकट या अन्य लाभ देने का इंतजाम किया गया है।बहरहाल, भाजपा गठबंधन सत्ता में होने के कारण लोगो का समर्पण समझा जा सकता है।वे कांग्रेस और आरजेडी की बदहाली पर ध्यान दिला सकते है।बिहार में इस समय चुनावी माहौल जम चुका है।बिहार में चुनाव के दौरान अपने अपने दलों की बखान कर विपक्ष पर ताने मारकर मतदाताओ को अपनी तरफ करने की कोशिश हो रही है।चुनाव ने जात-बिरादरी के समय जा चुका है।अब जातिवाद से कोई सरोकार नही है।

जो सरकार विकास और समाज के उत्थान पर ध्यान देती है वोट उन्ही को मिलता है।अत्याचार और जंगलराज की धारणा ओझल होती प्रतीत हो रही है।मोदी ने छठ पर्व का वीडियो शेयर किया तो लालू ने मोदी पर तंज कसा और कहा कि बिहार के प्रवासियों को रेल यातायात उपलबन्ध नही होने से लोग धक्के मुक्की के बीच बिहार पहुंच रहे है।उधर,30 साल से सत्ता के इर्दगिर्द भटकती कांग्रेस के नेता राहुल ने रेल प्रबंधन पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार के दावे खोखले है।चुनाव प्रचार का दौर है और जुठ को सही और सही को जुठ परोसने वाले नेता और कार्यकर्ता पूरे जोर से प्रचार में हिस्सा ले रहे है।जंगलराज और सत्ता में भ्रष्टाचार की पुंगी बजाने वाले कांग्रेस और आरजेडी के अपराधीक मामलों को रातोंरात मखमली गलीचे के नीचे छिपाकर फूल बरसाये जा रहे है।यह राजनीति का मंच है।उल्लेखनीय है कि आरजेडी के पोस्टर में तेजस्वी को नायक करार दिया है।देश मे भ्रष्टाचार का बीजारोपण करने वाले दल किस मुह के साथ जनता के समक्ष वोट मांगने जा सकते है।तेजस्वी के पोस्टर से पैदा हुए सवाल पर बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने सीधा हमला बोलते हुए तेजस्वी से पूछा है कि तेजस्वी बताए,डेढ़ साल की उम्र में करोड़पति कैसे बन गए।जिसका परिवार खलनायक हो,जिसके पिता बिहार के गब्बर हो,जिन्होंने बिहार को लुंटने का कार्य किया हो,वो नायक कैसे हो सकता है?

बिहार में द्विदाभरी स्थिति बन रही है।नेताओ को चुप कराने के लिए पासा फेंक रहे है।क्योंकि उनके पास ऐसे सवालों के जवाब नही होते है,जो घटना घटी है।उस घटना के चश्मदीद गवाह है।उधर,पार्टी के प्रवक्ता शहनवाज हुसैन ने कहा कि तेजस्वी ने हार मान ली है।उधर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू की जमीन पर पहुंच कर भाजपाइयों ने प्रदर्शन किया था।जोकि विवादित मॉल खरीदने की तैयारी में थे लालू।भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुध नेतंज कसते हुए कहा कि इंडी गठबंधन के युवराज और महारानियों के महागठबंधन को करारी हार देने वाली है।

महागठबंधन बिहार को लुंटने का एजेंडा चलाना चाहते है।नित्यानंद ने एक सभा मे कहा कि एनडीए जो कार्य किया है,वह तेजस्वी सोच भी नही सकते है।मोदी और अमित शाह ने जंगलराज के जरिये लालू पर निशाना साधा है।बिहार के चुनाव के प्रचार प्रसार में एक दूसरे नेता और पार्टियों की पोल खोलते नजर आ रहे है।मतदाता अपने अपने नेताओं और पार्टी कार्यकर्ताओं के आंकलन में लगे हुए है।आज का मतदाता हवा में बात नही करता है।सोच समझ कर देशहित में जिस दल की भागीदारी है,उसी को वोट करता है।

## एसआईआर की सार्थक पहल का विरोध नहीं, स्वागत हो

**ललित गर्ग**

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बिहार के बाद अब देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष ग्रहण पुनरीक्षण (एसआईआर) की शुरुआत करने की घोषणा करके चुनाव विसंगतियों एवं कमियों को दूर करने का सराहनीय एवं साहसिक कार्य किया है। यह पहल न केवल तकनीकी या प्रशासनिक प्रक्रिया भर है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की जड़ों को और मजबूत करने की एक निर्णायक कोशिश है। लोकतंत्र की आत्मा उसके निर्वाचन तंत्र की निष्पक्षता और पारदर्शिता में बसती है और चुनाव आयोग का यह कदम उसी दिशा में एक ठोस, सकारात्मक और आवश्यक प्रयास के रूप में देखा जाना चाहिए। बिहार की एसआईआर प्रक्रिया से सबक लेते हुए इस बार आयोग ने प्रक्रिया के लिए अधिक समय दिया है, ताकि बिहार जैसी जल्दबाजी और अफरातफरी से बचा जा सके। आधार कार्ड को एक सहायक दस्तावेज़ के रूप में स्वीकार किया जाएगा, जिससे प्रक्रिया सरल बनेगी। निश्चित ही इस बार 12 राज्य संख्या में ज्यादा हैं तो चुनौती भी उसी हिसाब से ज्यादा बड़ी है। उम्मीद कर सकते हैं कि बिहार में पुनरीक्षण प्रक्रिया में आई दिक्कतें अब आयोग के लिए अनुभव का काम करेंगी और वहां जैसी परेशानी बाकी जगहों पर लोगों को नहीं उठानी पड़ेगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने एसआईआर के शिड्यूल का ऐलान करते हुए कहा कि प्रक्रिया यह सुनिश्चित करेगी कि कोई भी योग्य मतदाता छूट न जाए और कोई भी अयोग्य मतदाता लिस्ट में शामिल न हो। जिन राज्यों को दूसरे चरण में चुना गया है, उनमें उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, गोवा, केरल, पुडुचेरी, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप हैं, इनमें से केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। असम में भी अगले ही साल विधानसभा चुनाव है, लेकिन उसे दूसरे चरण से बाहर रखा गया। आयोग ने इस बार आधार कार्ड को लेकर रुख पहले ही साफ कर दिया है कि यह जन्म, नागरिकता या निवास प्रमाण पत्र के रूप में मान्य नहीं होगा, लेकिन एसआईआर में इसे एक डॉक्युमेंट के रूप में पेश किया जा सकेगा। यह स्पष्टता इसलिए जरूरी थी, क्योंकि बिहार में पहले चरण के दौरान आधार कार्ड का मसला सुप्रीम कोर्ट तक चला गया था। दस्तावेज ऐसे होने चाहिए, जो अधिकतम आबादी की पहुंच में हों और आधार आज पहचान का सबसे सरल जरिया है। मतदाता सूची की सटीकता, पारदर्शिता एवं निष्पक्षता लोकतंत्र की रीढ़ है। भारत जैसे विशाल और विविधता वाले देश में मतदाता सूची की सटीकता सबसे बड़ी चुनौती है। इसलिये एक निश्चित अन्तराल के बाद एसआईआर की प्रक्रिया होते रहना अपेक्षित है। इसके पहले एसआईआर करीब दो दशक पहले किया गया था। कम से कम अब तो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि एसआईआर में इतना अंतराल न आने पाए, क्योंकि अब लाखों लोग नौकरी-पेशे के चलते अन्यत्र चले जाते हैं। इनमें से अधिकांश वहीं बस जाते हैं। कई बार देखा गया है कि मृत व्यक्तियों के नाम सूची में बने रहते हैं, वहीं नये पात्र नागरिकों के नाम दर्ज नहीं हो पाते। ग्रामीण इलाकों से लेकर महानगरों तक, इस विसंगति के चलते मतदान प्रतिशत प्रभावित होता है और चुनावी परिणामों की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगता है। एसआईआर का मकसद किसी की नागरिकता तय करना या ज्यादा से ज्यादा लोगों को वोटर लिस्ट से बाहर करना नहीं है। इसे इतना सरल होना चाहिए, जिससे लोग वोटर बनने के लिए प्रेरित हों और उनमें लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व के लिए उत्साह जगे। मुख्य चुनाव आयुक्त की यह पहल-इन खामियों को दूर करने की दिशा में एक संगठित और वैज्ञानिक लोकतांत्रिक प्रयास है। यदि यह कार्य धरातल पर ईमानदारी से लागू हुआ, तो यह मतदाता सूची की पवित्रता और लोकतंत्र की गरिमा दोनों को बढ़ाएगा।

भारत जैसे दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिये यह बहुत जरूरी है, इसके लिये राजनीतिक दलों की भूमिका एवं सहयोग अपेक्षित है, वे इस प्रक्रिया को सकारात्मक दृष्टि से लें। इस सराहनीय एवं नितांत अपेक्षित उपक्रम के लिये विपक्षी दलों के द्वारा विरोध का वातावरण बनाना एवं आस्तीनें चढ़ाना उनकी विश्वसनीयता एवं जिम्मेदारी पर प्रश्न खड़ा करता है। अक्सर देखा गया है कि जब चुनाव आयोग सुधारात्मक कदम उठाता है, तो विभिन्न राजनीतिक दल अपने-अपने हितों के अनुसार प्रतिक्रिया देते हैं। परंतु लोकतंत्र का स्वास्थ्य तब ही सुदृढ़ होगा जब सभी दल 'पारदर्शिता' को 'राजनीतिक लाभ-हानि' से ऊपर रखेंगे। विपक्ष को चाहिए कि वह इस पहल का विरोध करने की बजाय स्वागत करे और इसे सही दिशा में लागू कराने में सहयोग दे, न कि शंका और अविश्वास के चश्मे से देखे। बहरहाल, राजनीतिक पार्टियों की यह महती जिम्मेदारी है कि वे सिर्फ दोषारोपण करने तक सीमित न रहें, बल्कि इस पूरी प्रक्रिया में अपनी जिम्मेदारियां निभाएं। इसी तरह, नागरिक संगठनों के लिए भी यह सक्रिय होने का समय है। उनकी निगरानी बीएलए के काम को अधिक सरल व सटीक बना सकती है। कुल मिलाकर पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने का सपना दिखाने वाले चुनाव आयोग के सामने अभी अपनी इस प्राथमिक जिम्मेदारी को ही निर्विवाद रूप से पूरा करने की चुनौती है।

# पाकुड़ की खबरें


## डीसी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से खनन चेकपोस्ट का कि समीक्षा कि

संताल एक्सप्रेस संवाददातापाकुड़। बुधवार को डीसी मनीष कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला के विभिन्न खनन चेकपोस्टों पर प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेटों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। बैठक के दौरान डीसी ने सभी मजिस्ट्रेटों से उनके-अपने क्षेत्राधिकार में किये जा रहे निरीक्षण कार्यों, वाहनों की जांच, ओवरलोडिंग की स्थिति, अवैध खनन और परिवहन पर नियंत्रण की कार्रवाई की अद्यतन जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी परिस्थिति में अवैध खनन या परिवहन बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। चेकपोस्ट पर 24 घंटे निगरानी सुनिश्चित करते हुए प्रत्येक वाहन की जांच की जाये। साथ ही राजस्व हानि रोकने के लिए सतर्क निगरानी रखी जाये और नियम उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की जाये। साथ ही कहा कि खराब पड़े सभी सीसीटीवी कैमरों को एक सप्ताह के भीतर दुरुस्त किया जाये। साथ ही, सभी चेकपोस्ट पर रोटेशनल ड्यूटी व्यवस्था लागू की जायेगी, ताकि कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके।उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी भी चेकपोस्ट पर लापरवाही या गलत कार्य करते हुए कोई पदाधिकारी या कर्मी पाया गया, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जायेगी। उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिया कि सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को नियमित रूप से निरीक्षण रिपोर्ट और कार्रवाई विवरण जिला खनन पदाधिकारी को उपलब्ध कराना अनिवार्य है। उन्होंने खनन विभाग और पुलिस प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया, ताकि जिला में अवैध खनन और परिवहन पर पूर्ण नियंत्रण रखा जा सके।

## डीसी ने किया ब्लड बैंक का निरीक्षण

पाकुड़। बुधवार को उपायुक्त मनीष कुमार ने जिला ब्लड बैंक का ब्लड संग्रहण, भंडारण एवं रख-रखाव की व्यवस्था का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने ब्लड बैंक के कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि रक्तदान एवं रक्तसंचारण की प्रक्रिया पूर्णतः सुरक्षित, पारदर्शी एवं वैज्ञानिक मानकों के अनुरूप होनी चाहिए। उपायुक्त ने कहा कि मरीज को किसी अन्य व्यक्ति का रक्त देने से पूर्व उसकी पूरी चिकित्सीय जांच अनिवार्य रूप से हो। किसी भी संक्रामक बीमारी से ग्रसित व्यक्ति का रक्त ना ले। इससे गंभीर स्वास्थ्य जोखिम उत्पन्न हो सकते हैं। ब्लड बैंक परिसर की स्वच्छता व्यवस्था का भी परिसर हमेशा स्वच्छ, हवादार एवं संक्रमण-मुक्त रहे। रक्तदान एक मानवता की सेवा का प्रतीक है।

## दुकान आवंटन के खिलाफ नगर परिषद के प्रशासक को दिया आवेदन



पाकुड़।नगर परिषद के द्वारा सरकारी दुकानों को आवंटन में लापरवाही के खिलाफ स्थानीय लोगों एवं दुकानदारों ने बुधवार को नगर परिषद कार्यालय पहुंच कर प्रशासक को एक आवेदन दिया। आवेदन देते हुए लोगो ने बताया कि जरूरतमंद को दुकान नहीं देकर पूंजीपति लोगो को दुकान आवंटन किया गया है, साथ ही इन लोगो के द्वारा दुकानों को भाड़े पर या बेचा गया है। वही इस मामले पर प्रशासक अमरेंद्र चौधरी ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है, इस पर जल्द पहल की जायेगी।

## तीन दिवसीय मधुमक्खी पालन सह प्रशिक्षण प्रारंभ

संताल एक्सप्रेस संवाददातालिट्टीपाड़ा (पाकुड़) मधुमक्खी पालन का हब बनाने की पहल के तहत जिला उद्यान कार्यालय, पाकुड़ के तत्वावधान में लिट्टीपाड़ा प्रखंड के करमाटांड पंचायत के छोटा सूरजबेड़ा ग्राम में तीन दिवसीय मधु मक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिला उद्यान पदाधिकारी प्रशंजीत महतो ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण किसानों, विशेष रूप से पहाड़ी और आदिम जनजाति समुदायों को वैज्ञानिक तरीके से मधुमक्खी पालन विधियों से प्रशिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाना है। प्रशिक्षण के पहले दिन किसानों को मधुमक्खियों की प्रजातियाँ, छत्ते की संरचना, रानी मधुमक्खी की भूमिका, शहद उत्पादन की प्रक्रिया की जानकारी दी गई।इस दौरान मेसर्स फ्लोराफ्सा नेचुरल फर्म, राँची की टीम द्वारा तकनीकी सत्र आयोजित किया गया।

## रेलवे की नई योजना पर पाकुड़ में फूटा गुस्सा, हावड़ा डिवीजन में सबसे अधिक राजस्व देने वाला स्टेशन फिर हुआ उपेक्षित

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**




पाकुड़ ।साहिबगंज-बरहरवा-पाकुड़ रेलखंड से भारतीय रेलवे को हर साल करोड़ों रुपये का राजस्व मिलता है। हैरानी की बात यह है कि हावड़ा के बाद सबसे ज्यादा रेवेन्यू देने वाला पाकुड़ स्टेशन एक बार फिर रेलवे की नई योजना से नजरअंदाज कर दिया गया है। इससे जिले के लोगों में जबरदस्त आक्रोश है। स्थानीय नागरिकों और व्यावसायिक संगठनों का कहना है कि रेलवे विभाग हर बार पाकुड़ को पीछे धकेलने की साजिश रचता है। भागलपुर, दुमका और रामपुरहाट रेल परियोजनाओं को प्राथमिकता देने से लोगों में नाराज़गी है। उनका कहना है कि रेलवे के इस कदम से न सिर्फ़ पाकुड़ का व्यापार और रोजगार प्रभावित होगा, बल्कि यात्रियों को भी बड़ी परेशानी झेलनी पड़ेगी। व्यापारियों का कहना है कि पाकुड़ रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन कोयला, पत्थर और अन्य माल की बड़ी खेपें देशभर में भेजी जाती हैं, जिससे रेलवे को भारी राजस्व मिलता है। इसके बावजूद पाकुड़ के विकास को लेकर कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है। लोगों ने रेल मंत्रालय और केंद्र सरकार से मांग की है कि पाकुड़ को उसकी आर्थिक अहमियत के अनुरूप स्थान दिया जाए। साथ ही, रेल सेवाओं के विस्तार, नए ट्रेनों की शुरुआत और यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए तुरंत कदम उठाए जाएँ। स्थानीय लोगों का साफ कहना है कि हर बार वादे किए जाते हैं, योजनाएँ बनती हैं, लेकिन हकीकत में पाकुड़ को सिर्फ़ ठगा जाता है। अब और नहीं पाकुड़ को उसका हक़ चाहिए।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का फूका पुतला



**संताल एक्सप्रेस** पाकुड़। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अमृत पाण्डेय ने कहा कि 27 अक्टूबर 2025 को चाईबासा के तांबो चौक के पास शहर के नो एंट्री के मांगों पर हेमंत सरकार के इशारों पर प्रशासन ने निहत्ते आम लोगों पर देर रात बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज एंव आंसू गैस के गोले छोड़ने के दमनकारी रवैये विरोध में को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया है।उन्होंने कहा कि विगत 6 वर्षो से इस राज्य में एक जन विरोधी आदिवासी मूलवासी विरोधी हेमंत सोरेन की सरकार कर रही है। जो लगातार बर्बर, हिंसक और अराजक हो गई है। लोकतंत्र में शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन कर अपनी मांगों को रखने का अधिकार जनता के पास है । पर हेमंत सोरेन की सरकार बंदूक की नोक पर ,गोलियों की बौछार पर जनता को डरा कर धमका कर उसकी अभिव्यक्ति छीनना चाह रही है । जिला अध्यक्ष अमृत पाण्डेय ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग 220 पर बाईपास पर रोज सैकड़ो गाड़ियां चलती है। पिछले 8 महीना में 154 लोगों की मौत हो चुकी है और विगत 10 दिनों में चार लोगों की मौत हो चुकी है। अब इसी निमित्त आमजन की मांग है कि उन क्षेत्रों से जो भारी वाहन चलते हैं उनको बंद किया जाए क्योंकि भारी वाहनों के चलने से छोटे-छोटे बच्चे जो स्कूल जाते हैं,माताएं बहने जो टोकरी लेकर सब्जी बेचने जाते हैं,जो भाई मजदूरी करने साइकिल मोटरसाइकिल से जाते हैं ऐसे वाहन दुर्घटना का शिकार होते हैं और इस क्षेत्र से दीपक बिरुआ जी परिवहन मंत्री है।विगत 2 वर्षों से भारी वाहनों का आगमन ठप था लेकिन 2 वर्षों के बाद मुख्यमंत्री के इशारों पर प्रशासन के लचर रवैया के कारण भारी वाहनों का परिचालन शुरू हो गया है। अपनी मांगों को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन कर रहे निहत्ते लोगों पर पुलिस प्रशासन ने बर्बरता पूर्ण कार्रवाई कर लाठी चार्ज कियाहै। इस कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री दुर्गा मरांडी, जिला महामंत्री रूपेश भगत, पूर्व जिलाध्यक्ष विवेकानंद तिवारी, वरिष्ठ नेता विश्वनाथ भगत, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष दीपक साह, वरिष्ठ नेता अजीत रविदास, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र त्रिवेदी, पूर्व जिला मंत्री सपन दुबे,नगर अध्यक्ष सोहन मंडल, हिसाबी राय, जीतू सिंह, पंकज साह सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## आजसू नेता का खदान व क्रशर प्लांट सील

हिरणपुर( पाकुड़ )जिले के हिरणपुर अंचल क्षेत्र के बेलपहाड़ी मौजा में हुए विवाद को लेकर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। मंगलवार को एसडीओ साईमन मरांडी के नेतृत्व में टीम ने खदान और क्रशर प्लांट को सील कर दिया। ज्ञात हो कि बीते रविवार को हेवी ब्लास्टिंग का विरोध करने पर ग्रामीणों और क्रशर संचालक सह आजसू नेता अजहर इस्लाम के बीच झड़प हुई थी। घटना की जांच का जिम्मा सीओ मनोज कुमार और बीडीओ टुडू दिलीप को सौंपा गया था। जांच रिपोर्ट के आधार पर एसडीओ कोर्ट में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 152 के तहत केस दर्ज किया गया। प्रारंभिक जांच में कई अनियमितताएं पाई गईं, जिसके बाद खदान संचालन पर रोक लगा दी गई है। उधर, भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता संजय कुमार और बीडीओ टुडू दिलीप ने मंगलवार को गांव जाकर ग्रामीणों के मकानों की क्षति का आकलन किया। टीम में प्रदूषण बोर्ड दुमका के क्षेत्रीय पदाधिकारी अमूल कुमार सोरेन, माइनिंग इंस्पेक्टर नवीन कुजूर, सीओ मनोज कुमार और थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह शामिल थे।

## 100 लाभुकों को मिले पीएम पक्का आवास



पाकुड़। प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के तहत बुधवार को पाकुड़ जिले में 100 लाभुकों को गृह प्रवेश कराया गया। सभी प्रखंडों में आयोजित कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारियों ने लाभुकों का गृह प्रवेश कराया तथा नारियल फोड़कर नवनिर्मित आवासों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर लाभुकों को प्रेशर कुकर भेंट कर सम्मानित किया गया। लाभुकों ने कहा कि पहले वे कच्चे मकान में रहते थे अब सरकार की मदद से आज पक्का मकान मिला है। डीसी मनीष कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान का उद्देश्य कमजोर जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाना है। इस योजना के माध्यम से आवास, स्वच्छ पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।, ÷पीएम जनमन योजना के तहत वंचित समुदायों को समाज के अन्य वर्गों के समान सुविधा मिलेगी। उपायुक्त ने यह भी बताया कि योजना के अंतर्गत लाभुकों को दो कमरों एवं रसोईघर सहित पक्का घर प्रदान किया जा रहा है।


## पाकुड़ में हुई झमाझम बारिश, से दिखने लगे तूफान का असर

पाकुड़। मौसम विभाग के अनुसार संभावित मोंथा तूफान के कारण 29 से 31 अक्टूबर के बीच कई जिलों में भारी बारिश या तेज हवा आंधी के साथ बारिश होने की संभावना जताई गई है। आपदा प्रबंधन विभाग ने तत्काल सभी जिलों को सतर्क रहने का आदेश दिया। मालूम होगी मंगलवार को मोथा तूफान आंध्र प्रदेश की चक्रवर्ती इलाकों से टकराकर उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ रही है। इससे आने वाले तीन दिनों में झारखंड के तापमान मैं गिरावट आएगी। 29 अक्टूबर से 1 नवंबर तक कई जिलों में झमाझम बारिश होने की संभावना है। इस दौरान तेज हवाएं भी चलेगी। पाकुड़ जिला में इसका असर दिखने लगा है । 29 अक्टूबर को शाम 5ः00 बजे से लेकर 6ः00 बजे तक झमाझम तेज हवा के साथ बारिश हुई है। मौसम विभाग ने 1 नवंबर तक सभी को सतर्क रहने का अलर्ट जारी किया है।

## पत्थर खदान के मुंशी पर गोलीकांड मामले में पत्थर व्यवसायी व यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष समेत अन्य पर मामला दर्ज

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता** पाकुड़। बीते सोमवार को पत्थर खदान के मुंशी कासिम अंसारी पर फायरिंग मामले में पत्थर व्यवसायी जियाउल शेख उर्फ (पालगा) ,यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष बेलाल शेख समेत अन्य के खिलाफ नगर थाने में मामला दर्ज की गई है। पुलिस ने कांड संख्या 275/25 की धारा 109 (1),61(2) एवं 27/35 के तहत मामला दर्ज के कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।हालांकि इस घटना में किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।थाना में दिए गए आवेदन मे घायल कासिम अंसारी ने पुलिस को दिए बयान में बताया है कि वह लूतफुल हक के क्रशर खदान में बतौर मुंशी का काम करता है और कुछ दिन पहले ही माइंस को लेकर पत्थर व्यवसायी जियाउल पगला से नोकझोंक हुई थी और उस वक्त जियाउल ने जान मारने की धमकी दी थी। साथ ही बताया की बीते 27 की रात सोलागढ़िया स्थित वह अपना मकान पहुंचा था तभी दो अज्ञात आरोपियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी जिससे उनके शरीर में दो गोली लग गई। घटना को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी फरार हो गए थे। कासिम अंसारी के बयान के मुताबिक पत्थर व्यवसायी जियाउल पगला, बेलाल शेख और मोरफुल शेख ने साजिश रचकर जान से मारने की नियत से दो अज्ञात अपराधी को मेरे पास भेजा था और वह गोलीबारी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए थे। इस सम्बंध में नगर थाना प्रभारी बबलू कुमार ने बताया कि गोली कांड मामले में मामला दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है। इसके साथ ही कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## जायसवाल समाज ने मनाई सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती



पाकुड़ । बुधवार को जयसवाल समाज की ओर से तातीपाड़ा स्थित एक निजी आवास में कुल देवता भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती मनाई। इस अवसर पर समाज के सदस्यों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया और उनके जीवन पर प्रकाश डाला। समाज के अध्यक्ष प्रेम भगत, सचिव राजेश जायसवाल, प्रदीप जायसवाल, आनंद चौधरी, जितेंद्र जायसवाल और हरिशंकर जायसवाल सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे। प्रेम भगत ने बताया कि सहस्त्रबाहु अर्जुन सुदर्शन के अवतार हैं और उन्हें धन, कीर्ति तथा बल का देवता माना जाता है।सहस्त्रबाहु अर्जुन ने सात महाद्वीपों और ब्रह्मांड पर विजय प्राप्त कर धर्मपूर्वक 85,000 वर्षों तक शासन किया था। उन्हें भगवान दत्तात्रेय से 1000 भुजाओं का वरदान मिला था, जिसके कारण उनका नाम सहस्त्रबाहु पड़ा। सशस्त्रबाहु भगवान विष्णु के 24वें अवतार माने जाते हैं और उनका वर्णन वाल्मीकि रामायण में भी मिलता है।जयंती समारोह के दौरान एक संक्षिप्त बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें 27 नवंबर को देश के प्रसिद्ध इतिहासकार स्वर्गीय काशी प्रसाद जायसवाल की जयंती मनाने का निर्णय लिया गया।कार्यक्रम में संजय जायसवाल, विजय जायसवाल, ओमप्रकाश जायसवाल, प्रकाश जायसवाल, राहुल जायसवाल सहित कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

# भुरा जंगल से साइबर ठग गिरफ्तार, फोनपे और पीएम किसान योजना के नाम पर करता था ठगी

**655 साइबर अपराधी अबतक सलाखों के पीछे, देवघर पुलिस का अभियान जारी**



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर।** साइबर अपराध के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत देवघर पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक सौरभ के निर्देशन में सोमवार को पथरड्डा थाना क्षेत्र के भुरा जंगल में छापेमारी कर एक साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई, जिसमें बताया गया था कि उक्त इलाके में कुछ संदिग्ध व्यक्ति फर्जी बैंक अधिकारी, कस्टमर केयर प्रतिनिधि और सरकारी अधिकारी बनकर लोगों से ठगी कर रहे हैं। वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशानुसार जब पुलिस टीम ने भुरा जंगल में छापा मारा, तो मौके से एक साइबर अपराधी फहीम अंसारी पिता सलीम मियां, निवासी बारापंसारी, थाना सारठ, जिला देवघर को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से दो मोबाइल, तीन सिम कार्ड, तीन एटीएम कार्ड और पाँच प्रतिबिम्ब सिम जब्त किए गए। पुलिस की प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ कि फहीम अंसारी फर्जी कस्टमर केयर अधिकारी बनकर फोनपे और पेटीएम उपभोक्ताओं को कैशबैक का झांसा देता था। वह फोनपे गिफ्ट कार्ड बनवाकर उसे रिडीम कर ठगी करता था।

इसके अलावा पीएम किसान योजना के लाभुकों को फर्जी लिंक भेजकर उनके खाते से पैसे निकाल लेता था। इतना ही नहीं, वह एयरटेल पेमेंट बैंक अधिकारी बनकर ग्राहकों को एयरटेल थैंक्स ऐप के माध्यम से कार्ड बंद कराने और पुनः चालू करने के नाम पर भी ठगी करता था। देवघर पुलिस के अनुसार, जनवरी 2025 से अब तक कुल 655 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इनसे 806 मोबाइल, 1040 सिम कार्ड, 5 एटीएम कार्ड और 243 प्रतिबिम्ब आधारित सिम जब्त की गई हैं। छापामारी दल में पु0नि0 कृष्णादत्त झा और पु0अ0नि0 टेकलाल प्रसाद मेहता शामिल थे।

पुलिस ने बताया कि साइबर अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और आम लोगों से अपील की गई है कि किसी भी संदिग्ध कॉल या लिंक पर अपनी निजी जानकारी साझा न करें।

# मंत्री हफीजुल ने की दो बड़ी डकैतियों का खुलासा करने पर पुलिस की प्रशंसा

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**मधुपुर।** प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण एवं जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन अंसारी ने जिला पुलिस की कार्यशैली की सराहना किया जिला पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने मधुपुर पत्थरचप्टी स्थित मंत्री श्री अंसारी के आवास पहुंचकर उनसे शिष्टाचार मुलाकात की मंत्री ने हाल ही में मधुपुर थाना क्षेत्र के मिसरना गाँव में हुई बीस लाख रुपये की डकैती व एचडीएफसी बैंक में करोड़ों रुपये की डकैती के खुलासे पर पुलिस द्वारा किए गए उद्भेदन की प्रशंसा की उन्होंने कहा कि इससे शहर में सुरक्षा और भयमुक्त वातावरण बनाने में मदद मिली है श्री अंसारी ने पुलिस के इस कदम की प्रशंसा करते हुए क्षेत्र को पूरी तरह से अपराध-मुक्त बनाने का निर्देश देवघर जिला पुलिस कप्तान को दिया।



# पिकअप ने बुलेट को आधा किलोमीटर तक घसीटा, गुस्साए लोगों ने चालक को पीटा



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**मधुपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मीना बाजार में मंगलवार को एक बड़ा और गंभीर सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक तेज रफ्तार पिकअप वैन ने घर के बाहर खड़ी बुलेट मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया, और गुस्साए स्थानीय लोगों ने पिकअप चालक की पिटाई कर दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना उस समय हुई जब एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर मीना बाजार निवासी मनोज रवानी के घर के बाहर खड़ी बुलेट मोटरसाइकिल से टकरा गया। टक्कर की तीव्रता इतनी अधिक थी कि पिकअप चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख पाया और बुलेट को अपने साथ करीब आधा किलोमीटर दूर तक घसीटता चला गया।

इस दुर्घटना में मनोज रवानी की बुलेट बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत यह रही कि इस दौरान सड़क पर कोई राहगीर मौजूद नहीं था, अन्यथा कोई बड़ा जानमाल का नुकसान हो सकता था।

हादसे के बाद इलाके में तत्काल अफरा-तफरी मच गई। बुलेट को घसीटते देख स्थानीय लोग आक्रोशित हो उठे। मौके पर पहुंचे मोहल्ले के लोगों ने पिकअप चालक को पकड़ लिया। वाहन रोकने के बाद गुस्साए लोगों ने चालक की जमकर धुनाई कर दी।

हादसे और चालक की पिटाई की सूचना मिलते ही मधुपुर पुलिस की एक टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुँची। पुलिस ने स्थिति को संभाला, भीड़ को शांत किया और चालक को स्थानीय लोगों के चंगुल से निकालकर हिरासत में लिया।

पुलिस टीम ने दुर्घटनाग्रस्त पिकअप वाहन को जब्त कर लिया है और उसे थाना ले आई। बुलेट बाइक के मालिक मनोज रवानी से पुलिस ने घटना की पूरी जानकारी ली है। पुलिस ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे कानून को अपने हाथ में न लें और किसी भी दुर्घटना की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करें।

# विश्व शतरंज चैंपियनशिप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे डॉ. सुनील



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर।** झारखंड चेस संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं देवघर जिला चेस संघ के अध्यक्ष डॉ. सुनील खवाड़े गोवा के ताज होटल में 30 अक्टूबर को आयोजित भारतीय चेस संघ की आमसभा में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसके साथ ही वे 31 अक्टूबर को गोवा में आयोजित विश्व शतरंज चैंपियनशिप के उद्घाटन समारोह में अतिथि के रूप में शामिल होंगे। विश्व शतरंज चैंपियनशिप में विभिन्न देशों के दिग्गज खिलाड़ी वर्ल्ड चैंपियन बनने के लिए एक-दूसरे से मुकाबला करेंगे। जानकारी के अनुसार इस प्रतियोगिता में लगभग सत्रह करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि वितरित की जाएगी। डॉ. सुनील खवाड़े ने प्रस्थान से पूर्व कहा कि यह उनके लिए अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण है और गोवा में उन्हें शतरंज जगत के शीर्ष खिलाड़ियों से बहुत कुछ सीखने का अवसर मिलेगा। प्रस्थान से पूर्व बुधवार को देवघर एयरपोर्ट पर जिला चेस संघ के पदाधिकारियों और खिलाड़ियों ने डॉ. खवाड़े का माला पहनाकर स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रणव शंकर, बिट्टू सिंह, सौरव सिंह, पवन कुमार, रितेश रॉय, रौनक कुमार, दीपक दुबे, मनोज पांडे, सुशील महथा, महेश राउत, ब्रह्मदेव तथा टिंकू खवाड़े सहित अन्य उपस्थित थे।

## ट्रेन से गिरकर अज्ञात युवक की मौत



**मधुपुर।** मथुरापुर रेलवे स्टेशन केएम नम्बर 306/27 प्रभातपुर के पास बुधवार की सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। घटना के सम्बंध में आरपीएफ ने बताया कि किसी अज्ञात ट्रेन से गिरकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान मधुपुर थाना क्षेत्र के भेड़वा निवासी 35 वर्षीय राजेश ठाकुर के रूप में की गई है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, राजेश ठाकुर किसी ट्रेन से मधुपुर से जसीडीह का सफर कर रहे थे। इसी दौरान किसी कारणवश उनका पैर फिसल गया और वे चलती ट्रेन से नीचे गिर पड़े। घटना की जानकारी मिलते ही जसीडीह रेल पुलिस के अधिकारी और मधुपुर आरपीएफ के सब- इंस्पेक्टर धर्मेंद्र प्रसाद दल बल के साथ मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए देवघर भेज दिया गया । इस हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि राजेश ठाकुर शहर के रजवाड़ी रोड स्थित एक सैलुन चलाता था अपने परिवार इकलौता कमाने वाला सदस्य था। रेल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## गोपाष्टमी पर गोशाला में पूजा-अर्चना और हवन



**देवघर संताल एक्सप्रेस।** जसीडीह रोड देवपुरा मोड़ स्थित मां गिरिजा गौशाला में बुधवार को गोपाष्टमी के अवसर पर विधिवत रूप से गौ माता की पूजा-अर्चना की गई। पुरोहित अरुणेश पाण्डेय द्वारा हवन-यज्ञ कर सभी के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की गई। इस दौरान गौशाला संचालक एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर संघचालक रोहित कुमार बरनवाल तथा अनुज कुमार त्यागी ने सभी गौ पालकों का सम्मान किया। उन्होंने बताया कि गौशाला में मौजूद सभी गीर नस्ल की देशी गायें राजस्थान के किशनगढ़ से लाई गई हैं। गौशाला खोलने का मुख्य उद्देश्य देशी नस्ल का संरक्षण और संवर्धन है। यह गौशाला पूरी तरह सेवा भाव से संचालित की जा रही है। मौके पर गौमाताओं को केला, सेव, चोकर, गुड़ आदि खिलाकर सेवा की गई। मौके पर रौशन राज, राहुल राज, संजय सिन्हा, गिरिजा देवी, किरण बरनवाल, श्रुति गुप्ता, विश्वनाथ, रामचन्द्र, सदानंद, बालवीर, सक्षम कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## कल समाहरणालय में लगेगा रक्तदान शिविर

**देवघर।** समाहरणालय परिसर में 31 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। डीसी नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देशानुसार आयोजित इस शिविर का उद्देश्य लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना और अधिक से अधिक लोगों को इस पुनीत कार्य में शामिल करना है। डीसी ने बताया कि रक्तदान करने से न केवल किसी का जीवन बचाया जा सकता है, बल्कि यह स्वयं के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है।

उन्होंने कहा कि कई लोग यह भ्रम पाल लेते हैं कि रक्तदान करने से शरीर में खून की कमी हो जाएगी या स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, जबकि यह पूरी तरह गलत धारणा है। रक्तदान करने के बाद शरीर में कुछ ही समय में नया रक्त स्वतः बन जाता है।

# सारथी योजना से युवाओं को रोजगार के अवसर से जोड़ने का डीसी ने दिया निर्देश

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर।** जिले में मुख्यमंत्री सारथी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और प्रचार-प्रसार को लेकर डीसी ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र, सक्षम झारखंड कौशल विकास योजना, ब्लॉक लेवल इनिशिएटिव फॉर रूरल एंड स्किल एक्विजिशन (बिरसा) तथा इंप्लॉयमेंट एक्सीलेंस विथ कॉलेज एजुकेशन एंड लर्निंग (एक्सल) जैसे कार्यक्रम संचालित हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य युवाओं को हेल्थ केयर, परिधान निर्माण, बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं हार्डवेयर, टेलिकॉम, आयरन एंड स्टील, ब्यूटी एंड वेलनेस जैसे विविध क्षेत्रों में प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार के अवसरों से जोड़ना है। डीसी ने सभी प्रखंड अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में इन योजनाओं के तहत अधिक से अधिक इच्छुक युवाओं को जागरूक करें तथा प्रशिक्षण केंद्रों द्वारा किए जा रहे मोबिलाइजेशन कार्यों में सहयोग प्रदान करें, ताकि पात्र अभ्यर्थियों को कौशल प्रशिक्षण और रोजगार का लाभ मिल सके।





## कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज

**आम सूचना**

**राष्ट्रीय लोक अदालत संबंधित आवश्यक सूचना**

**दिनांक 13.12.2025 । स्थान :– व्यवहार न्यायालय परिसर, साहेबगंज एवं व्यवहार न्यायालय परिसर, राजमहल**

**नि:शुल्क, सुलभ एवं शीघ्र न्याय के लिए**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, राँची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज के द्वारा व्यवहार न्यायालय, साहेबगंज एवं राजमहल के प्रांगण में दिनांक **13.12.2025** को समय 10:30 बजे पूर्वाहन से कार्य समाप्ति तक राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| सभी प्रकार के दिवानी मामले | वाहन दुर्घटना से संबंधित मामले |
| सुलहनीय आपराधिक मामले | बिजली विभाग से संबंधित मामले |
| बैंक सर्टिफिकेट केस | वन विभाग से संबंधित मामले |
| वैवाहिक पारिवारिक मामले | माप तौल विभाग से संबंधित मामले |
| श्रम संबंधित मामले | चेक बाउन्स से संबंधित मामले |
| भू अधिग्रहण से संबंधित मामले | विवाद पूर्व निस्तारण योग्य मामले |
| राजस्व संबंधित मामले | अन्य सुलहनीय मामले |

इस संबंध मे किसी प्रकार की विस्तृत जानकारी हेतु आप किसी भी कार्य दिवस को **10:30** बजे पूर्वाहन से **5:00** बजे अपराह्न तक व्यवहार न्यायालय साहेबगंज में जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहेबगंज/अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति, राजमहल अथवा उनके दूरभाष संख्या– साहेबगंज (9471521725), राजमहल (8755070706) पर संपर्क कर सकते हैं।

अमित कुमार सिंह
पुलिस अधीक्षक–सह–सदस्य
जिला विधिक सेवा प्राधिकार
साहेबगंज।

हेमंत सती
उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार
साहेबगंज।

अखिल कुमार
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार
साहेबगंज।

PR.NO.364801 Sahabganj(25-26):D



## कार्यालय : जिला कृषि पदाधिकारी, साहेबगंज। (पौधा संरक्षण प्रभाग)

**कृषकों के लिए आवश्यक सूचना**

साहेबगंज जिला अन्तर्गत सभी कृषक भाई/बहनों को सूचित किया जाता है कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के राज्यादेश सं० **37**, दिनांक **23.07.2025** के आलोक में राज्य योजनान्तर्गत चालू वित्तीय वर्ष **2025-26** के लिए कृषि क्षेत्र में फसल उत्पादन एवं गुणवत्तायुक्त उत्पादकता को बढ़ाने हेतु **फसल सुरक्षा कार्यक्रम योजना** अन्तर्गत निम्नवत आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है :–

| क्र० | कार्य अवयव | भौतिक लक्ष्य | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रक्षेत्र प्रत्यक्षण | 97 हेक्टेयर | – |
| 2 | कृषक वैज्ञानिक अन्तरमिलन | संख्या–01 | कृषक वैज्ञानिक अन्तरमिलन में कम से कम 50 कृषक अनिवार्य है। |
| 3 | जिला स्तरीय युवा कौशल संवर्द्धन | संख्या–01 | जिला स्तरीय युवा कौशल संवर्द्धन हेतु प्रति प्रशिक्षण अधिकतम कृषक ों की संख्या 20 है एवं कृषक की अधिकतम उम्र 40 वर्ष होगी। |
| 4 | पंचायत स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण | संख्या–43 | पंचायत स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण हेतु अधिकतम कृषकों की संख्या 30 है एवं कृषक की अधिकतम उम्र 50 वर्ष होगी। |
| 5 | कीटनाशी विक्रेता हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण | संख्या–01 | कीटनाशी विक्रेता हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए कीटनाशी का लाईसेंस आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा एवं प्रशिक्षणार्थियों की अधिकतम संख्या 40 होगी। |

योजना के विभिन्न कार्य अवयवों का लाभ लेने हेतु इच्छुक कृषक/स्वयं सहायता समूह अपना आवेदन पंचायती राज संस्था के मुखिया/जनप्रतिनिधि/जिला परिषद सदस्य से अनुशंसा कराकर आवश्यक कागजात यथा पहचान पत्र/आधार कार्ड/बैंक पासबुक विवरणी/मोबाईल नंबर/जमीन का रकबा के साथ पूर्ण विवरणी संलग्न करते हुए आवेदन पत्र दिनांक **05.11.2025** के संध्या **05:00** बजे तक जिला कृषि कार्यालय, संयुक्त जिला कृषि भवन, साक्षरता मोड़ के निकट, बोरियो रोड, जिला साहेबगंज में जमा कर सकते हैं।

**लाभुक का चयन "पहले आओ–पहले पाओ" के आधार पर किया जाएगा**

**लाभुक चयन हेतु निम्नांकित न्यूनतम मापदण्ड आवश्यक होगा –**

1. आवेदन पूर्ण रूप से भरा हुआ एवं सभी कागजात संलग्न करना होगा।
2. आवेदन की प्रति मुखिया अथवा अन्य जनप्रतिनिधि द्वारा अनुशंसित किया हुआ हो।
3. आवेदक द्वारा पूर्व के तीन वर्षो तक इस योजना कार्य अवयव का लाभ नहीं लिया हो।
4. आवेदन के पास पर्याप्त भूमि हो तथा सब्जी, फल, फूल आदि की खेती करते हों।
5. आवेदक द्वारा स्वयं हस्ताक्षरित आवेदन ही स्वीकार्य होगा।
6. लाभुक के चयन में FPO/ प्रगतिशील कृषक/ महिला स्वयं सहयता समूह/ सिंचाई सुविधा युक्त कृषकों को प्राथमिकता दी जाएगी।
7. विशेष परिस्थिति में किसी भी आवेदन को स्वीकृत करने या रद्द करने का अधिकार जिला कृषि पदाधिकारी, साहेबगंज के पास सुरक्षित रहेगा, जिसपर किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

योजना की विस्तृत जानकारी जिला कृषि कार्यालय, संयुक्त जिला कृषि भवन, साक्षरता मोड़ के निकट, बोरियो रोड, जिला–साहेबगंज से प्राप्त की जा सकती है। आवेदन का प्रारूप **www.atmasahibganj.in** पर भी उपलब्ध है।

जिला कृषि पदाधिकारी,
साहेबगंज।

PR 364790 (Agriculture) 25-26 (D)



## Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd.

(CIN: U40108 JH 2013 SGC 001704)
Office of the General Manager, Transmission Zone-VI, Deoghar
Email- gmtz6deoghar@gmail.com

**NOTICE INVITING TENDER**

Sealed Tender in two parts containing Techno-commercial Part (Part-I) and Price Part (Part-II) scribed on separate two sealed envelope with NIT No. written on top of envelope are invited from reputed, experienced and financially sound agencies/firm/contractors for execution of following works: -

| NIT No. | Name of Work | Estimated Cost (in Rs.) | Cost of B.O.Q (inclusive GST) (in Rs.) | EMD Amount (in Rs.) | Completion Time of work |
|---|---|---|---|---|---|
| 480/PR/JUSNL/ 2025-26 | Concertina Coil Fencing on Boundary wall at 132/33kV G.S.S., Jamtara | Rs. 4,98,833.00 (GST & Labour cess included) | Rs.886.00 | Rs. 10,000.00 | 01 (One) Month |
| 481/PR/JUSNL/ 2025-26 | R/M of Circle Store at 132/33kV G.S.S., Daburgram, Deoghar | Rs. 7,63,830.00 (GST & Labour cess included) | Rs.1476.00 | Rs. 15,300.00 | 01 (One) Month |
| 482/PR/JUSNL/ 2025-26 | Extension of PCC road from E-3, Quarter to Circle Store with provision of Paver Block at 132/33 kV G.S.S., Daburgram, Deoghar | Rs. 4,94,869.00 (GST & Labour cess included) | Rs.886.00 | Rs. 10,000.00 | 01 (One) Month |

1. Start date & time of sale of BOQ :- 31.10.2025 at 11:00 A.M.
2. Last date & time of sale of BOQ :- 20.11.2025 up to 04:00 P.M.
3. Last date & time for submission of tender documents :- 21.11.2025 up to 02:30 P.M.
4. Date & Time for opening of Tender (Part -I) :- 21.11.2025 at 03:30 P.M.
5. Bidopening datefor price part (Part-II) :- Willbe communicatedlateron.
6. Tender document can be purchased from the office of the undersigned from any working day till one day before the date of submission of Tender in working hours after depositing cost of BOQ (nonrefundable) in shape of Bank Draft in favour of **Manager (F & A), Transmission Zone-VI, Deoghar** payable at Deoghar.
7. For any Clarification, please contact 9304291115.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-VI, Deoghar

PR 364821 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd (25-26)_D



## ।। कार्यालय जिला परिषद, दुमका ।।

**नीलामी सूचना संख्या–05/2025**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला परिषद, दुमका द्वारा निम्नांकित स्थान पर निर्मित भवन को खुले डाक के माध्यम से अस्थायी रूप से आवंटित करने हेतु जिला परिषद कार्यालय, दुमका में आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। भाड़े पर दुकानों के आवंटन हेतु इच्छूक व्यक्ति इस सूचना में अंकित नियम एवं शर्तों पर दिनांक– **07.11. 2025** को पूर्वाह्न 11:00 बजे से भाग ले सकते हैं :–

| क्र0 | भवन | भवन | भवन का क्षेत्रफल (वर्गफीट में) | मासिक किराया (प्रति वर्गफीट) | न्युनतम डाक प्रतिमाह दर के आधार पर बोली जायेगी | डाक में भाग लेने हेतु जमानत राशि | सुरक्षित राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | प्रखंड शिकारीपाड़ा अन्तर्गत मलूटी जिला परिषद डाकबंगला। (कमरा संख्या–03, 04, 05, 06 एवं 07) | सम्पूर्ण भवन (कमरा सं0–01 एवं 02 को छोड़कर) | 1172 | 10.70 | 12540.00 | 15000.00 | 500000.00 | |

नोट :–
1. भवन का आवंटन हेतु आवेदन पत्र का प्रपत्र जिला परिषद, दुमका कार्यालय से दिनांक–06.11.2025 के **अपराह्न 03:00** बजे तक 500.00(पांच सौ रुपये) शुल्क देकर प्राप्त की जा सकेगी।
2. आवेदक को आवेदन के साथ अंकित जमानत राशि का बैंक ड्राफ्ट/डिमांड ड्रॉफ्ट उप विकास आयुक्त –सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, दुमका (**D.D.C –cum- C.E.O Zila Parishad, Dumka**) के पदनाम से संलग्न करना अनिवार्य होगा, जो भारतीय स्टेट बैंक, मुख्य शाखा दुमका के नाम भुगतेय होगा।
3. भवन के लिए एक ही आवेदन मान्य होगा जिसे भरकर दिनांक–06.11.2025 के **अपराह्न 04:00 बजे तक** जिला परिषद कार्यालय में जमा करना होगा।
4. भवन आवंटन से संबंधित विस्तृत जानकारी/शर्तें जिला परिषद कार्यालय, दुमका के सूचना पट्ट में भी देखी जा सकती है।
5. आपसी सहमति व मिली भगत से डाक की राशि को प्रभावित किये जाने की आशंका प्रतीत होने पर किसी भी भवन की बंदोबस्ती रद्ध कर दी जायेगी।
